NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance
specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 15 अंक: 41 लखनऊ, रविवार 28 सितंबर 2025 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी- योगी आदित्यनाथ

संवाददाता। लखनऊ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले बरेली में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प को लेकर कड़ा रुख अख्तार करते हुए शनिवार को कहा कि ''(दंगाइयों को) ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।''जवतल बवदजपदनमे इमसवू जीपे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक दिन पहले बरेली में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच हुई झड़प को लेकर कड़ा रुख अख्तार करते हुए शनिवार को कहा कि ''(दंगाइयों को) ऐसा सबक सिखाएंगे कि आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।'' एक मीडिया संस्थान के ''विकसित उत्तर प्रदेश विजन–2024'' कार्यक्रम में बरेली मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने सख्त संदेश दिया है कि कानून–व्यवस्था में खलल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में बिना किसी का नाम लिए कहा, ''कल आपने बरेली के अंदर देखा होगा... वो मौलाना भूल गया कि शासन किसका है, उसने सोचा कि ध ामकी देंगे और जाम कर देंगे, मैंने कहा जाम नहीं होगा, कर्फ्यू नहीं लगेगा... सबक तुम्हें ऐसा सिखा देंगे कि तुम्हारी आने वाली पीढ़ी दंगा करना भूल जाएगी।'' योगी की यह चेतावनी इत्तेहाद–ए–मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलवी तौकीर रजा खान की तरफ प्रतीत हो रही है, जिन्होंने शुरुआत में ''आई लव मोहम्मद'' अभियान के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।बरेली में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद एक मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने पुष्टि की थी कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 लागू है, जिसके तहत किसी भी मार्च या प्रदर्शन के लिए लिखित अनुमति आवश्यक है। इसके बावजूद कुछ लोग सड़कों पर उतर आए और शांति भंग करने का प्रयास किया, जिसके कारण पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की और 24 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया।पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद–ए–मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के आह्वान पर कई प्रदर्शनकारी 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में मस्जिद के बाहर इकट्ठा हुए थे। इस विवाद का संबंध नौ सितंबर को कानपुर में दर्ज की गई प्राथमिकी से है। कानपुर पुलिस ने चार सितंबर को बारावफात के जुलूस के दौरान कानपुर की सड़क पर कथित तौर पर 'आई लव मोहम्मद' लिखा बोर्ड लगाने के आरोप में नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।मुख्यमंत्री ने जनसभा के पीछे की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा, ''व्यवस्था को ठप करने का यह कैसा तरीका है? 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में यही चलन था, लेकिन 2017 के बाद हमने कर्फ्यू तक नहीं लगने दिया। उत्तर प्रदेश के विकास की कहानी यहीं से शुरू होती है।'' योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकारों पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि ''चाचा–भतीजा'' वसूली के धंधे में लिप्त थे और हर जिले में एक माफिया को समानांतर सत्ता संचालित करने की छूट दी गई थी।उन्होंने कटाक्ष किया कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग माफियाओं के सामने नतमस्तक थे। उन्होंने कहा, ''जब सत्ता बेईमान और भ्रष्ट लोगों के हाथ में आती है, तो वह समाज को जाति और परिवार के नाम पर गुमराह करती है। ऐसे लोगों के लिए हमने बुलडोजर बनाया है।'' योगी ने कहा कि उनकी सरकार ने माफिया राज को जड़ से उखाड़कर प्रदेश को विकास की राह पर ला खड़ा किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''आज से आठ साल पहले उत्तर प्रदेश में 'वर्ल्ड क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर' की कल्पना करना भी असंभव था। पर्व और त्योहार आते थे तो उत्पात शुरू हो जाते थे। अब उत्पाती और उपद्रवी को सात पीढ़ियां याद आएंगी।'' पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने कहा कि झड़पें एक ''पूर्व नियोजित साजिश'' की तरफ इशारा करती हैं और उन्होंने वीडियो साक्ष्यों के आधार पर सभी अपराधियों की पहचान करने व भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए ''कड़ी कार्रवाई'' सुनिश्चित करने का संकल्प दोहराया। उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना विभाग ने एक बयान जारी कर बरेली हिंसा की निंदा करते हुए इसे एक ''सुनियोजित साजिश'' बताया, जिसका उद्देश्य राज्य के विकास प्रयासों को नुकसान पहुंचाने के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ''नोएडा अंतरराष्ट्रीय ट्रेड शो को कमजोर'' करने तथा विदेशी निवेश को रोकने के लिए नकारात्मक माहौल बनाना था।

अमित शाह बोले 2020 की कसर इस बार पूरी करनी है, घुसपैठियों को बिहार से करेंगे बाहर

अमित शाह ने बिहार में 2020 की कसर पूरी करने का आह्वान करते हुए, छक। को दो–तिहाई बहुमत दिलाने पर बिहार से घुसपैठियों को बाहर निकालने और कोसी क्षेत्र को बाढ़ मुक्त करने का वादा किया। उन्होंने लालू–कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाते हुए, भाजपा के लिए इसे बिहार के विकास और जंगलराज की वापसी रोकने का चुनाव बताया।

एजेंसी।

पटना बिहार चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों में जुटी हुई है। इसी बीच गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार के अररिया में सहरसा, पूर्णिया और भागलपुर मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को हार्दिक साधुवाद देता हूं, क्योंकि 2020 के विध ानसभा चुनाव में किशनगंज को छोड़कर हर जिले में हमारा गठबंध ान नंबर एक पर रहा। नौगछिया, भागलपुर और बांका में हम नंबर एक पर रहे। अररिया, पूर्णिया और कटिहार में भी हम नंबर एक पर रहे। सुपौल, सहरसा और मध ेपुरा में भी हम नंबर एक पर रहे।शाह ने कहा कि अगर आप एक बार छक। को दो–तिहाई बहुमत से जीत दिला दें, तो मैं आपको वादा करता हूँ कि बिहार की धरती से घुसपैठियों को बाहर निकालने का काम हम करेंगे। हमारे लिए यह चुनाव कोसी क्षेत्र को हमेशा के लिए बाढ़ मुक्त करने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि हम सबको यह तय करना है कि इस बार दीपावली में जो कुछ भी खरीदा जाएगा, वह पूरी तरह स्वदेशी होगा। भारतवासियों को यह संकल्प लेना है कि हम स्वदेशी अपनाएंगे।अमित शाह ने कहा कि लालू एंड कंपनी ने बिहार को लूटा, ढेर सारे घोटाले किए, और कांग्रेस ने भी देश को लूटा। पिछले 11 सालों से देश में नरेंद्र मोदी जी की सरकार है, और हमारे विरोधी हम पर एक पैसे का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा पाए हैं। उन्होंने कहा कि अभी राहुल बाबा बिहार आए थे और यहां उन्होंने यात्रा भी निकाली। राहुल बाबा चाहते हैं कि घुसपैठियों को मताधिकार मिले। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा कान खोलकर सुन लो, बिहार क्या... कहीं भी यात्रा निकाल लो, भाजपा का संकल्प है कि हम एक–एक घुसपैठिए को बाहर करेंगे। राहुल बाबा और लालू की पार्टियां घुसपैठियों को बचाना चाहती हैं, और हम घुसपैठियों को बाहर निकालना चाहते हैं।भाजपा नेता ने कहा कि ये चुनाव३ बिहार को प्रगति के रास्ते पर ले जाने का है। बिहार से घुसपैठियों को बाहर निकालने का है। जंगलराज को वापस न आने देने का है। उन्होंने कहा कि राहुल और लालू के लिए यह चुनाव अपनी पार्टी को जिताने का है। लालू के बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का है। लेकिन हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए, यह चुनाव पूरे बिहार से घुसपैठियों को बाहर निकालने का है। एनडीए को दो–तिहाई बहुमत से जिताइए, मैं आपसे वादा करता हूँ कि भाजपा इन घुसपैठियों को बिहार की पावन धरती से खदेड़ने का काम करेगी।

विकसित भारत के रंग, कला के संग रु रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के छात्रों ने परचम फहराया

ललित कला अकादमी क्षेत्रीय केंद्र गढ़ी नई दिल्ली एवं भारतीय जनजातीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की साझेदारी में भव्य आयोजन, सुभारती विद्यार्थियों ने जीते सभी शीर्ष पुरस्कार

विजडम इंडिया।

सेवा पर्व के अवसर पर आज देहरादून में रंग, कला और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। ललित कला अकादमी क्षेत्रीय केंद्र, गढ़ी नई दिल्ली के तत्वावधान और भारतीय जनजातीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, संस्कृति स्कूल, देहरादून के सहयोग से आयोजित एक दिवसीय पेंटिंग वर्कशॉप में प्रोफेशनल कलाकारों, कॉलेज और स्कूल के विद्यार्थियों सहित लगभग 300 प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और रंगों के माध यम से "विकसित भारत" की उज्ज्वल झलकियाँ प्रस्तुत कीं।

इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार एवं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन, कुलपति, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय तथा ज्यूरी सदस्य के रूप में श्री मनोज कुमार सिंह, कर्नाल भरत भंडारी, श्री राहुल कुमार और श्री संतोष साहनी की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष गरिमा प्रदान की।

सुभारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की ऐतिहासिक जीत

इस प्रतियोगिता में रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय, देहरादून के फाइन आर्ट्स विभाग के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर प्रथम, द्वितीय और तृतीय तीनों पुरस्कार अपने नाम किए जिसमे प्रथम पुरस्कार (25,000/–) रु अखिलेश गौड़, द्वितीय पुरस्कार (15,000/–) रु शुभम सुंगड़ियाल, तृतीय पुरस्कार (10000/-) रु वंशिका बडोला

इस गौरवशाली उपलब्धि का श्रेय ललित कला विभागाध्यक्ष श्री संतोष कुमार को दिया गया, जिनके मार्गदर्शन ने विद्यार्थियों को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया।

मुख्य अतिथि डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा-

"कला केवल अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब हमारी युवा पीढ़ी अपनी सृजनात्मकता और संस्कारों के साथ समाज और संस्कृति की धारा को समृद्ध करेगी। उत्तराखंड जैसी देवभूमि, जहां संस्कृति और प्रकृति का अद्भुत संगम है, वहां से यह संदेश पूरे भारत में फैलना चाहिए कि कला और संस्कृति ही हमारी असली धरोहर हैं।

आज मैं विशेष रूप से रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को बधाई देता हूँ जिन्होंने इस प्रतियोगिता में शीर्ष तीनों स्थान प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया है कि सुभारती केवल शिक्षा का नहीं, बल्कि सृजनशीलता और राष्ट्र निर्माण का भी ध्वजवाहक संस्थान है।"

वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन, कुलपति, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय ने कहा-

"सुभारती विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का संस्थान नहीं बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण का भी केंद्र है। जब हमारे विद्यार्थी 'विकसित भारत' की तस्वीर अपने रंगों में उकेरते हैं, तो यह केवल चित्रकला नहीं बल्कि आने वाले राष्ट्र की दृष्टि का निर्माण है।

हमारा संकल्प है कि सुभारती के मंच से निकली हर प्रतिभा भारत के सांस्कृतिक और रचनात्मक उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान देगी। यह जीत हमारे विद्यार्थियों की मेहनत और विश्वविद्यालय की दृष्टि का प्रतिफल है।"

यह कार्यक्रम इस तथ्य का जीवंत प्रमाण बना कि कला और संस्कृति राष्ट्र निर्माण के मूल आधार हैं। 'विकसित भारत के रंग, कला के संग' केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उस आत्मा का उत्सव था जिसमें शिक्षा, कला, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत मेल देखने को मिला।

यह आयोजन न केवल कलाकारों की प्रतिभा का मंच बना, बल्कि यह संदेश भी दिया किकृ

"कला ही विकसित भारत का जीवंत स्वरूप है और युवा ही उसकी प्रेरणा शक्ति।"

स्वस्थ नारी, सशक्तपरिवार - सेवा पखवाड़ा में कैंसर जागरूकता का महाअभियान

रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय और लाल बहादुर शास्त्री लोकप्रिय अस्पताल की पहल

विजडम इंडिया।

देहरादून, 27 सितम्बर 2025। सेवा ही संकल्प और राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा के साथ, माननीय प्रध ानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस को समर्पित सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री लोकप्रिय अस्पताल एवं रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है।

इस अभियान का सबसे विशेष चरण 26 से 29 सितम्बर तक चल रहा है, जिसमें गर्भाशय ग्रीवा एवं स्तन कैंसर की निःशुल्क जांच, रोकथाम और जागरूकता सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इन कैंसर जागरूकता शिविरों का नेतृत्व लाल बहादुर शास्त्री लोकप्रिय अस्पताल की निदेशक डॉ. जीवन आशा चंद्र कर रही हैं।

प्रो. डॉ. हिमांशु ऐरन, कुलपति, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय ने अपने प्रखर संदेश में कहा–

"सुभारती विश्वविद्यालय केवल

शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र सेवा का एक ध्वजवाहक संस्थान है। सेवा पखवाड़ा हमारे लिए एक अवसर है कि हम स्वास्थ्य और जागरूकता को घर–घर तक पहुँचाएं। महिलाएं समाज की धुरी हैं और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करना उनके और पूरे परिवार के जीवन की रक्षा करना है। सुभारती का यह संकल्प है कि हम स्वास्थ्य शिक्षा, जनजागरूकता और समाज सेवा के हर अभियान में सबसे आगे रहेंगे।"

डॉ. ऐरन ने आगे कहा कि विश्वविद्यालय की यह कोशिश है कि छात्र–छात्राएं और फैकल्टी केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं बल्कि जनहित कार्यों में भी अग्रणी भूमिका निभाएं।

डॉ. जीवन आशा चंद्र, निदेशक, लाल बहादुर शास्त्री लोकप्रिय अस्पताल ने कहाकृ

"हमारा अस्पताल न केवल इलाज का केंद्र है, बल्कि समुदाय की सेवा और जनजागरूकता का एक माध्यम भी है। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की समय पर पहचान और रोकथाम ही स्वस्थ समाज की बुनियाद है। हमारा यह सामाजिक दायित्व है कि हर वर्ग तक निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचे।"

कार्यक्रम में श्रीमती नितिका कौशल, डीन, स्टूडेंट वेलफेयर, रास बिहारी बोस सुभारती विश्वविद्यालय ने कहाकृ

"इस अभियान में हमारे नर्सिंग स्टाफ की भूमिका अत्यंत प्रेरणादायक है। वे केवल चिकित्सकीय सेवाएं नहीं दे रहे, बल्कि संवेदना और सहानुभूति के साथ जनमानस में स्वास्थ्य जागरूकता का संचार भी कर रहे हैं। यही सेवा भावना सेवा पखवाड़ा के वास्तविक उद्देश्य को साकार करती है।"

यह स्वास्थ्य शिविर आम जनता के लिए निःशुल्क है। आयोजन समिति ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं पहचान पत्र के साथ शिविर में पहुँचकर इस सेवा का लाभ उठाएँ। यह पहल केवल एक स्वास्थ्य अभियान नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा का संदेश हैकृ "जब नारी होगी सेहतमंद, तभी परिवार होगा मजबूत और देश होगा विकसित।"

शराब पीकर झगडे के बाद बड़े भाई ने छोटे भाई की हत्या की

संवाददाता।

बिजनौर। घर वाले मोनू को अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बडेध भाई को गिरफ्तार कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है बिजनौर जिले के पहाड़ी

दरवाजा मोहल्ले में शराब पीकर झगडे के बाद बडे भाई ने छोटे भाई की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार रात रवि सैनी और उसके छोटे भाई मोनू (26) में शराब पीने के बाद झगडाध हो गया तथा गुस्से में आकर रवि ने मोनू का गला घोंटकर मार डाला। पांडे के अनुसार बाद में घर वाले मोनू को अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी बडेध भाई को गिरफ्तार कर लिया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बरेली बवाल पर बड़ा एक्शन, मौलाना तौकीर रजा गिरफ्तार

संवाददाता।

बरेली। रजा ने शुक्रवार रात एक वीडियो बयान जारी कर झड़पों के आधिकारिक बयान को चुनौती दी और दावा किया कि उन्हें अपने अनुयायियों को संबोधित करने से रोका गया और नजरबंद कर दिया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने शनिवार को स्थानीय मौलवी और इत्तेहाद–ए–मिल्लत काउंसिल के प्रमुख तौकीर रजा खान को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि तौकीर रजा खान ने आई लव मुहम्मद अभियान के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था, जिसके कारण बरेली में शुक्रवार की नमाज के बाद प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई।

बीएसएनएल के रजत जयंती वर्ष पर देशभर में स्वदेशी 4जी टावरों का शुभारंभ, डिजिटल क्रांति का नया अध्याय

लखनऊ झारसुगुडा,(आरएनएनएस) भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने अपनी स्थापना के 25वें वर्ष पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा के झारसुगुडा से देशभर में 97,500 स्वदेशी 4जी टावरों का उद्घाटन किया। लगभग 37 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत वाले इस परियोजना में बीएसएनएल की हिस्सेदारी 92,600 टावरों की रही है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण पूरे देश में हुआ और लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की उपस्थिति में इसका समवर्ती आयोजन संपन्न हुआ।बीएसएनएल ने इस प्रयास के माध्यम से देश के दूरदराज, सीमावर्ती और उग्रवाद प्रभावित इलाकों तक संचार सेवाओं का दायरा बढ़ाया है। करीब 26,700 असम्बद्ध गांव अब नेटवर्क से जुड़ गए हैं और इसके माध्यम से लगभग 20 लाख नए उपभोक्ताओं को लाभ मिलने का अनुमान है। यह पहल कंपनी की वित्तीय पुनर्बहाली और डिजिटल भारत अभियान की दिशा में एक बड़ा कदम है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि लंबे समय तक भारत को 2जी, 3जी और 4जी सेवाओं के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भर रहना पड़ा, लेकिन अब स्वदेशी तकनीक के दम पर बीएसएनएल ने नया इतिहास रचा है। उन्होंने इस अवसर पर 'चिप से लेकर शिप तक' सबकुछ भारत में तैयार करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने ओडिशा की सराहना करते हुए यह भी उल्लेख किया कि अब राज्य में सेमीकंडक्टर माइक्रोचिप उत्पादन की शुरुआत होगी, जो भविष्य की इलेक्ट्रॉनिक क्रांति के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने उड़ीसा के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दशक प्रदेश को प्रगति और सामाजिक समानता की दिशा में ले जाने वाला है।प्रधानमंत्री ने डिजिटल भुगतान व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिया और कहा कि आज भारत डिजिटल पेमेंट के क्षेत्र में विश्व का सबसे अग्रणी देश है। बीएसएनएल की स्वदेशी 4जी सेवाओं से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के लोगों को सीधे लाभ मिलेगा और वे राष्ट्रीय मुख्यधारा से और मजबूती से जुड़ेंगे।लखनऊ में आयोजित समवर्ती कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीएसएनएल के सतत प्रयासों ने उत्तर प्रदेश में डिजिटल क्रांति का नया अध्याय खोला है। उन्होंने कहा कि आज पेंशन वितरण, छात्रवृत्ति भुगतान और अन्य सभी प्रकार के सरकारी भुगतान डिजिटल माध्यम, विशेषकर यूपीआई के जरिये किए जा रहे हैं और इसमें बीएसएनएल की अहम भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को प्रदेश और देश के लिए एक नए युग की शुरुआत बताया।बीएसएनएल का यह रजत जयंती वर्ष न केवल संगठन की 25 वर्षों की यात्रा का उत्सव है, बल्कि आने वाले दशकों में डिजिटल आत्मनिर्भरता और संचार क्रांति की मजबूत नींव भी है।

लालबाग गर्ल्स कालेज की छात्राओं को थाना कैसरबाग परिसर में मिशन शक्तिसे कराया गया जागरूक

लखनऊ,(आरएनएस)महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट द्वारा लगातार विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को थाना कैसरबाग परिसर में लालबाग गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को आमंत्रित कर महिला शक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया।पुलिस आयुक्त अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन और अपर पुलिस उपायुक्त धनंजय सिंह कुशवाहा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में सहायक पुलिस आयुक्त कैसरबाग रत्नेश सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना कैसरबाग अंजनी कुमार, मिशन शक्ति प्रभारी महिला उपनिरीक्षक शालिनी देवी, उपनिरीक्षक पीर मोहम्मद, साइबर हेल्प डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल कुमार नैन और चाइना बाजार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक योगेश चंदेल उपस्थित रहे। कॉलेज की प्रधानाचार्य, अध्यापिका फरहा खान व दुर्गेश गौर के साथ छात्राओं ने भी सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क, पिंक बूथ, महिला संबंधी रजिस्टर और थानों पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। छात्राओं को बताया गया कि महिला संबंधी अपराधों की त्वरित सुनवाई और समाधान के लिए लखनऊ कमिश्नरेट के 54 थानों में मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां एक निरीक्षक, एक अतिरिक्त निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक और एक महिला उपनिरीक्षक को विशेष रूप से नियुक्त किया गया है।अधिकारियों ने छात्राओं को महिला अपराधों से बचाव, साइबर सुरक्षा, शासन की योजनाओं और महिलाओं के अधिकारों से संबंधित कानूनों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्हें जागरूक किया गया कि किसी भी संकट की स्थिति में वे बिना हिचक 1090, 1098, 1076, 1930, 101, 112 और 108 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें। साथ ही बताया गया कि जरूरत पड़ने पर मैसेज भेजकर भी मदद ली जा सकती है।कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिला सुरक्षा से जुड़े प्रश्न भी पूछे। पुलिस अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि नारी सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है और किसी भी समस्या की स्थिति में छात्राओं को पूरी मदद दी जाएगी।

लखनऊ पुलिस की बड़ी कामयाबी, जानलेवा हमले के वांछित आरोपी मनोज सेठ को दबोचा

लखनऊ(आरएनएस),पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के महानगर थाना क्षेत्र की पुलिस टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी मनोज सेठ पुत्र स्वर्गीय कैलास सेठ निवासी मकान नंबर 610/629, 225 सी, केशव नगर, सीतापुर रोड थाना मड़ियांव, लखनऊ है। उसकी उम्र लगभग 44 वर्ष बताई जा रही है।मनोज सेठ के खिलाफ 15 अक्तूबर 2024 को थाना महानगर में मुकदमा अपराध संख्या 240/2024 धारा 316(2), 316(5) और 318(4) बीएनएस के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। उस पर जान से मारने की नियत से हमला करने का आरोप है और घटना के बाद से ही वह पुलिस की पकड़ से बाहर था। लगातार प्रयासों और निगरानी के बावजूद वह फरार बना हुआ था, लेकिन पुलिस ने हार नहीं मानी और उसकी गतिविधियों पर गहन नजर रखी।26 सितम्बर 2025 को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कृष्णा नगर थाना क्षेत्र में सिद्धार्थ पुरम कॉलोनी, विजय नगर पुलिस चौकी से लगभग 300 मीटर पश्चिम रेलवे पुल के पास एक किराये के मकान में छिपा हुआ है। यह मकान तुषार अशोक नामक व्यक्ति का है, जहां आरोपी लंबे समय से शरण लिए हुए था। मौके पर दबिश देकर पुलिस टीम ने मनोज सेठ को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और आगे की जांच भी तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है।

उत्तर प्रदेश में नगरीय निकायों का जनसंख्या आधारित नई श्रेणियों में वर्गीकरण, प्रशासनिक सुधारों को मिली मंजूरी

लखनऊ,(आरएनएस) उत्तर प्रदेश की कैबिनेट बैठक में नगरीय निकायों को जनसंख्या के आधार पर नई श्रेणियों में वर्गीकृत करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए. के. शर्मा ने बताया कि इस निर्णय का उद्देश्य नगरीय क्षेत्रों में बढ़ती जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण जनसुविधा और सेवाएं उपलब्ध कराना है। इस कदम से प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और विकास योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकेगा।नए वर्गीकरण के अनुसार 20 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगर निगमकृलखनऊ, कानपुर नगर, गाजियाबाद, आगरा, वाराणसी और प्रयागराजकृको प्रथम श्रेणी में रखा गया है। 10 लाख से अधिक और 20 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगमकृमेरठ, गोरखपुर, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़, मथुरादृवृंदावन और अयोध्याकृद्वितीय श्रेणी में शामिल किए गए हैं। वहीं, 10 लाख से कम जनसंख्या वाले नगर निगमकृझांसी, सहारनपुर, फिरोजाबाद और शाहजहांपुरकृको तृतीय श्रेणी में रखा गया है। मथुरादृवृंदावन और अयोध्या में आने वाली फ्लोटिंग जनसंख्या को देखते हुए इन्हें श्रेणी 2 में रखा गया है।नगर पालिका परिषदों के लिए भी नई श्रेणियां बनाई गई हैं। तीन लाख से अधिक जनसंख्या वाली नगर पालिकाओं को प्रथम श्रेणी, जिला मुख्यालय में स्थित नगर पालिकाओं को द्वितीय श्रेणी और शेष सभी नगर पालिकाओं को तृतीय श्रेणी में वर्गीकृत किया गया है।मंत्री ए. के. शर्मा ने बताया कि प्रदेश के नगरों को वैश्विक स्वरूप देने और नगरीय जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए पहले भी कई योजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें दैनिक सफाई, शहर का सौंदर्यीकरण, वैश्विक नगर योजना, सीएम ग्रिड योजना, स्टॉर्म वाटर योजना, उपवन योजना और नए निकायों की स्थापना शामिल हैं। इसके साथ ही विशेष सामाजिक समूहों के लिए वृद्ध शेल्टर होम, बच्चों की आंगनवाड़ी की मरम्मत, खिलाड़ियों और आवारा कुत्तों के लिए योजनाएं भी चलाई गई हैं।बढ़ते शहरीकरण और नगरीय निकायों की संख्या को देखते हुए प्रशासनिक ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए लगभग एक वर्ष की विस्तृत योजना तैयार की गई, जिसे मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी मिली।

संजय सिंह का आरोप भाजपा धर्म और त्योहारों के नाम पर तनाव फैलाकर असली मुद्दों से ध्यान भटका रही है

लखनऊ,(आरएनएस)आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर समाज में सुनियोजित ढंग से तनाव फैलाने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी, किसानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और महंगाई जैसे असली मुद्दों को दबाने के लिए भाजपा धर्म और त्योहारों के नाम पर विवाद खड़ा कर रही है। इस साजिश में भाजपा की "नफरती सरकार" के साथ–साथ तथाकथित धर्मगुरु भी शामिल हैं। संजय सिंह ने जनता को आगाह करते हुए कहा कि अगर इन चालों से सावधान नहीं हुए तो समाज को बर्बादी ही हाथ लगेगी।शनिवार को जारी अपने बयान में उन्होंने कहा कि नौजवान पेपर लीक और रोजगार संकट के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं, किसान बदहाली झेल रहे हैं और लद्दाख में पूर्ण राज्य की मांग करने वाले आंदोलनकारियों पर दमन किया जा रहा है। प्रख्यात समाजसेवी सोनम वांगचुक को एनएसए जैसे कठोर कानून में कैद कर दिया गया, लेकिन इन मुद्दों पर भाजपा और सरकार समर्थक ताकतें चुप्पी साध लेती हैं और नए–नए धार्मिक विवाद खड़े कर जनता का ध्यान भटकाती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि तथाकथित गोदी मीडिया भी अपने "बौद्धिक आतंकवाद" से नफरत का जहर घोल रहा है, ताकि जनता के असली सवाल दबकर रह जाएं।आप सांसद ने कहा कि आज धर्म समाज का प्रतीक नहीं रह गया है, बल्कि झगड़े का हथियार बना दिया गया है। ईद, बकरीद, होली, दिवाली या नवरात्र जैसे हर त्योहार से पहले तनाव खड़ा करना भाजपा और तथाकथित धर्मगुरुओं की साझेदारी का हिस्सा है, ताकि लोगों को गुमराह किया जा सके।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा को न अस्पताल बनाने से मतलब है, न शिक्षा देने से, न रोजगार सृजन से और न ही व्यापार बढ़ाने से। मोदी सरकार का असली एजेंडा जनता को चौपट करना और असली मुद्दों से ध्यान हटाना है। प्रधानमंत्री तक ने युवाओं का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उन्हें गोबर से रोजगार मिलेगा, यानी देश का प्रधानमंत्री युवाओं को गोबर लायक समझता है।संजय सिंह ने कहा कि यूपी में धर्म के नाम पर जो माहौल बिगाड़ने की कोशिश हो रही है, वह भाजपा की गहरी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने गोदी मीडिया पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह मीडिया जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने के बजाय नफरत और झूठ फैलाने में जुटा है और भोले–भाले लोगों के दिमाग में नफरत के बीज बो रहा है।आप सांसद ने हाल के विवादों का उदाहरण देते हुए कहा कि कभी "आई लव मोहम्मद", कभी "आई लव महादेव" और अब "आई लव आदित्यनाथ" के नाम पर झगड़े कराए जा रहे हैं, और कल को "आई लव मोदी" भी शुरू हो सकता है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिरकार किसी भी धर्मगुरु या आस्था के प्रति प्रेम जताने पर झगड़े क्यों खड़े किए जाते हैं।अंत में उन्होंने जनता से अपील की कि अगर जीवन में बदलाव और सुधार चाहिए तो ध्यान शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और किसानी जैसे असली मुद्दों पर होना चाहिए, न कि झगड़ों में फंसकर समय बर्बाद करना। उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि लोग अपनी आवाज बुलंद करें और सरकार को जवाबदेह बनाएं।

ग्रेटर नोएडा में यूपी राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का शानदार प्रदर्शन, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों पर भारी भीड़

ग्रेटर नोएडा,(आरएनएस)लखनऊउत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के तहत ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एवं मार्ट में आयोजित इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने भी भाग लिया। मिशन के अंतर्गत राज्य के सभी 75 जनपदों में गठित स्वयं सहायता समूहों के सदस्य अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विपणन कर रहे हैं। स्टालों पर भारी भीड़ उमड़ रही है और उत्पादों में लोगों की उत्सुकता दिखाई दे रही है।उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यह ट्रेड शो समूह की दीदियों के लिए अपने बनाए उत्पादों को विपणन करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। इससे उनके उत्पादों को बेहतर बाजार मिलने की संभावना बढ़ेगी और देश–विदेश में उत्तर प्रदेश की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के हुनर को भी पहचान मिलेगी।यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 के तीसरे संस्करण में एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में राज्य के सभी 75 जनपदों की चयनित स्वयं सहायता समूहों द्वारा जूट का सामान, जरी साड़ी, ज्वेलरी, चिकनकारी–साड़ी, सूट, मसाले, मुरब्बा, अचार, नमकीन, टेराकोटा का सामान, चमड़े के उत्पाद और बलिनी जैसे उत्पाद प्रदर्शित और विक्रय किए जा रहे हैं।मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि यह आयोजन समूह की महिलाओं के लिए अपने उत्पादों को सीधे विपणन करने का बहुत बड़ा अवसर है, जिससे उन्हें अच्छा मुनाफा भी मिलेगा। अपराह्न 3 बजे तक लगभग 6.25 लाख रुपये से अधिक के उत्पादों का विक्रय किया जा चुका है और यह संख्या प्रतिदिन बढ़ने की संभावना है।अपर निदेशक जयनाथ यादव ने बताया कि यहां मिशन से प्रेरणा कैफे के 10 स्टाल लगाए गए हैं, जहां समूह की दीदियों द्वारा पारंपरिक व्यंजन बनाए और परोसे जा रहे हैं। इन व्यंजनों की सराहना स्थानीय निवासियों और दर्शकों द्वारा की जा रही है।दीपा रंजन ने आम जनता से अपील की कि वे संलग्न फ्त कोड को स्कैन करके मिशन के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट को फॉलो करें, ताकि मिशन की गतिविधियों की पहुंच बढ़ाई जा सके और कार्यक्रमों का प्रचार–प्रसार अधिक प्रभावी रूप से किया जा सके।इस आयोजन के माध्यम से न केवल ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच मिला है, बल्कि उनके आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश का किसान खाद संकट और सुरक्षा संकट से जूझ रहा

लखनऊ,(आरएनएस) समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में किसानों की बिगड़ती हालत को गंभीर चिंता का विषय बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पूरे उत्तर प्रदेश के किसान खाद संकट से जूझ रहे हैं और इसका समाधान नहीं हो पा रहा है। प्रदेश में खाद की भारी कमी के कारण किसानों को लंबे समय तक लाइनों में खड़ा होना पड़ रहा है, वहीं कई जिलों की सहकारी समितियों में खाद ही उपलब्ध नहीं है।श्री यादव ने बताया कि पिछले वर्ष न तो गेहूं की फसल के लिए यूरिया और डीएपी मिली और न ही धान की फसल के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध हो सकी। अब आलू, चना–मटर और सरसों की फसलों के लिए भी किसानों को खाद नहीं मिल रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि खाद की लाइन में दो किसानों की तबियत बिगड़ चुकी है, और इस संवेदनहीनता के चलते किसानों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।अखिलेश यादव ने आगरा के अकोला सहकारी समिति का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां खाद के लिए तीन दिन से गोदाम के चक्कर लगाते हुए एक किसान की तबियत बिगड़ गई और उनकी मौत हो गई। इसके अलावा कई अन्य जिलों में भी इसी तरह की घटनाएँ हो चुकी हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर बड़े पैमाने पर खाद की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार किसानों को खाद, बीज और बिजली उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही है।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा नौ साल से किसानों से झूठे वादे करती रही है और उन्हें लगातार धोखा दिया गया है। इसके अलावा, जंगली जानवरों के हमलों से किसानों और गरीबों में भय का माहौल है। उन्होंने बहराइच, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत समेत कई जिलों में जंगली जानवरों द्वारा किसानों और गरीबों पर लगातार हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि बच्चों को भी अपना निवाला बनाया जा रहा है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की अकर्मण्यता के कारण जनता में भारी आक्रोश है और उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल भाजपा सत्ता से हटने के बाद ही किसानों को खाद और बीज मिलेगा और गरीबों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने श्रद्धेय अशोक सिंघल की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

लखनऊ,(आरएनएस)उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शनिवार को राजधानी स्थित अपने सरकारी आवास सात कालिदास मार्ग पर श्रद्धेय अशोक सिंघल की जयंती के अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि पूज्य अशोक सिंघल जी जैसा विराट व्यक्तित्व युगों में कभी–कभी ही इस धरती पर अवतरित होता है। उन्होंने एक ही जीवन में ऐसा कार्य कर दिखाया जिसे सौ जन्मों में भी पूरा करना संभव नहीं।मौर्य ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि मंदिर आंदोलन के महानायक पूज्य अशोक सिंघल का योगदान भारतीय समाज और संस्कृति के लिए अविस्मरणीय है। उनका जीवन राष्ट्र और धर्म के प्रति समर्पण का अद्वितीय उदाहरण है। उपमुख्यमंत्री ने भावुक होते हुए कहा कि वे उनकी जयंती पर बार–बार नमन करते हैं। उनके प्रेरणादायी सुकृत्य और जीवन मूल्य हम सबके लिए सदैव मार्गदर्शक बने रहेंगे।उन्होंने विश्वास जताया कि श्रद्धेय सिंघल जी के दिखाए रास्ते पर चलकर समाज में धर्म, संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव की ज्योति सदैव प्रज्वलित रहेगी।

लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में मिशन शक्ति अभियान के तहत बाल कल्याण अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

लखनऊ(आरएनएस),लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने महिला सशक्तिकरण और बाल कल्याण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति अभियान के छठवें दिन संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था कार्यालय डालीगंज के संगोष्ठी सदन में समस्त थानों के बाल कल्याण अधिकारी और एंटी ह्यूमन ट्रैफिक थाने के पुलिस अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।कार्यक्रम का उद्घाटन संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने किया। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त अपराध कमलेश कुमार दीक्षित, सहायक पुलिस आयुक्त अपराध सौम्या पांडेय और यूनिसेफ प्रतिनिधि रिजवाना उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 70 पुलिस अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मिशन शक्ति केंद्र पर नियुक्त अधिकारियों को पीड़ित महिलाओं को तत्काल कानूनी, चिकित्सकीय और मनोवैज्ञानिक सहायता प्रदान करने के तरीकों से अवगत कराया गया। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं एवं प्रक्रियाओं में उनकी कार्यकुशलता बढ़ाने की जानकारी दी गई।मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में कुल 54 थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। प्रत्येक केंद्र पर एक निरीक्षक, एक अतिरिक्त निरीक्षक, एक उपनिरीक्षक और एक महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की गई है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करना इन केंद्रों का मुख्य उद्देश्य है।अधिकारियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से बाल कल्याण पुलिस अधिकारी की भूमिका और जिम्मेदारी के महत्व से अवगत कराया गया। उन्हें प्रशिक्षित किया गया कि मिशन शक्ति केंद्र की मानक संचालन प्रक्रिया के तहत बच्चोंकृदोनों लिंग केकृको 360 डिग्री संरक्षण, रोकथाम और पुनर्स्थापन की सुविधा सुनिश्चित की जाए।पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने बताया कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य न केवल महिलाओं को सुरक्षित और सशक्त बनाना है, बल्कि बच्चों के सुरक्षित भविष्य और समाज की मजबूती को भी सुनिश्चित करना है।

गुरू नानक नगर में नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान, सड़कें और फुटपाथ हुए मुक्त

लखनऊ(आरएनएस),नगर निगम लखनऊ ने जोन–05 क्षेत्र के वार्ड गुरू नानक नगर में आज व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। अभियान के दौरान आलमबाग चौराहे से पूरन ढाल तक मार्ग पर लगे अस्थायी और अवैध अतिक्रमण को हटाकर नागरिकों को साफ सुथरे सार्वजनिक मार्ग उपलब्ध कराने की दिशा में कदम उठाया गया।इस कार्रवाई में तीन काउंटर, एक गुमटी, पांच ठेले और अन्य अस्थायी ढांचे हटाए गए। अभियान का नेतृत्व जोनल अधिकारी जोन–05, श्री नन्दकिशोर ने किया। इसमें कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव, जोनल सेनेटरी अधिकारी राजेश कुमार, राजस्व निरीक्षक राजू कुमार, प्रवर्तन दल और पुलिस बल की सक्रिय भागीदारी रही।नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे सार्वजनिक मार्गों और फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें, जिससे यातायात सुचारू रूप से चल सके और शहर की स्वच्छता तथा सौंदर्य बनाए रखा जा सके। अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान शहर को सुरक्षित और सुंदर बनाने, नागरिकों को बेहतर जीवनशैली उपलब्ध कराने और सार्वजनिक स्थानों को मुक्त रखने के उद्देश्य से चलाया गया।

कार्य योजना में प्रस्तावित होने के बाद भी नही हो सका मार्ग का मरम्मतीकरण

मार्ग बन गया तालाब जिम्मेदार बने अन्जान

सुलतानपुर(आरएनएस)। तहसील क्षेत्र बल्दीराय अन्तर्गत रसूलपुर – सादुल्लापुर मार्ग से संबंद्ध सड़क जो जगदीश सिंह के नलकूप से सफलेपुर व सफलेपुर से दौनो तक हालत दयनीय बनी हुई है मार्ग से दर्जनों गांव जुड़ने के कारण सैकड़ो लोगों का आना–जाना इसी मार्ग से हो रहा है आने जाने वाले लोग तालाब रुपी सड़क से आ जा रहे हैं रोजाना कोई ना कोई राहगीर गिरकर चोटिल भी हो रहा है लेकिन मंडी समिति के विभागीय अधिकारी मार्ग के मरम्मती करण करवाए जाने बावत अंजान बने हुए है। बता दे कि सुलतानपुर वाया कुड़वार हलियापुर मेन मार्ग से संबंद्ध रसूलपुर सादुल्लापुर मार्ग से जुड़ी सड़क जो दौनो सफलेपुर सहित कई गांव को जोड़ती है वह विभागीय अनदेखी का शिकार बन गई है। विभाग की कार्ययोजना में वर्ष 24ध25 में प्रस्तावित होने के बावजूद भी अभी तक मार्ग का मरम्मती करण नहीं करवाया गया। ग्राम सफलेपुर निवासी ग्रामीण अनिल कुमार यादव ने पूर्व में मंडी समिति के अधिकारियों को ऑनलाइन शिकायत के जरिए उक्त मार्ग के मरमती करण के बारे में अवगत कराया था विभाग द्वारा महज खाना पूरी करते हुए अपनी आख्या रिपोर्ट में पत्रांक संख्या 24ध503 में कार्य योजना में मार्ग का मरम्मती करण शामिल तो कर लिया लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई सादुल्लापुर रसूलपुर मार्ग से संबंधित दौनों–सफलेपुर मार्ग की हालत अब भी वद से

बदत्तर हो चुकी है लेकिन विभाग के लापरवाह जिम्मेदार सिर्फ कागज में खाना पूरी करके वाह वाही लूट रहे है सड़क की मरम्मती करण के लिए ग्रामीण अनिल कुमार एडवोकेट ने तहसील समाधान दिवस पर भी एक प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन जिम्मेदारों ने संबंधित विभाग की लगी आख्या को ही समाधान दिवस में लगा दिया। ग्रामीण अनिल कुमार यादव ने बताया कि विभाग द्वारा वर्ष 17ध18 में उक्त मार्ग का मरम्मती करण करवाया गया था तब से अभी तक विभाग को मरम्मतीकरण करवाने की सुध नहीं आई कार्ययोजना में प्रस्तावित होने के बावजूद भी आखिर मार्ग का मरम्मतीकरण क्यों नहीं करवाया जा रहा है। ग्रामीणो ने जिलाधिकारी को अवगत कराते हुए का तत्काल मरमती करण करवाए जाने की मांग की है।

कांग्रेस ही नहीं देश का हर नागरिक करेगा लोकतंत्र व संविधान की रक्षाः अभिषेक सिंह राणा

सुल्तानपुर(आरएनएस)। जनपद में वोट चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान को सभी पदाधिकारी पूरी ईमानदारी के साथ इस मुहिम को सफल बनाने में जुट जाए। जाकर जनता को वोट चोरी का सच बताकर जागरूक करेंगे। वहीं उन्होंने कहा कि अब यह

की बैठक शनिवार को इसौली विधानसभा क्षेत्र के कुड़वार ब्लॉक में आयोजित की गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा शामिल हुए। कुड़वार ब्लाक अध्यक्ष नंदलाल मौर्य के नेतृत्व में आयोजित की गई बैठक को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा और चुनाव आयोग की कथित मिली भगत से की जा रही वोट चोरी को रोकने के लिए पार्टी द्वारा चलाए जा रहे हैं हस्ताक्षर लोकतंत्र की नींव हर वोट की ताकत पर टिकी है, जिसका वर्तमान समय में चुनाव आयोग व भाजपा सरकार द्वारा हनन किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश पर जनपद में चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान इस बात का प्रतीक है कि अब लोग चुप नहीं बैठने वाले यह जन आंदोलन आने वाले समय में सरकार की नींव दिला देगा। पार्टी के कार्यकर्ता व नेता गली, मोहल्लों और गांवो के हर घर घर लड़ाई सिर्फ कांग्रेस की नहीं बल्कि हर आम नागरिक की है जो लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कटिबंध है। इस इस मौके पर वरिष्ठ नेता हौशला प्रसाद भीम, आवेश अहमद, हर्षनारायण शुक्ला, मनोज तिवारी, विभू पांडेय, उस्मान खान, राधवेन्द्र सिंह, जगदम्बा प्रसाद विश्वकर्मा, रमेश कुमार पाल, रामवरन प्रजापति, भगवान प्रसाद शर्मा, काली प्रसाद पाठक, केवल जीत सिंह, अंकित पाठक, रमाशंकर शुक्ल आदि लोग मौजूद रहे।

मां दुर्गा को अपशब्द लिखने पर एफआईआर

जौनपुर(आरएनएस)। पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ के आदेशानुसार सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक लेख लिखने एवं अश्लील चित्र प्रकाशित करने पर जौनपुर के साइबर थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई।यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्य चंद्र मणि पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक से की थी विजय कुमार नामक यूजर द्वारा फेसबुक पर लिखे आलेख एवं प्रकाशित चित्र पर आपत्ति दर्ज कराई है। यूजर ने माता दुर्गा की एक अश्लील फोटो पोस्ट की है इसके अलावा उसने एक आलेख लिखा है,जिसमें उसने माता जी के विषय में एक झूठी और तथ्य हीन कहानी लिखते हुए अनावश्यक रूप से बार बार अपशब्दों का प्रयोग किया है। इसके साथ साथ समाज के दो वर्गों के खिलाफ भी अपशब्दों का प्रयोग करते हुए उनको आपस में लड़ाने के लिए प्रयास किया गया है। इस समय चल रहे नवरात्र के शुभ पर्व पर समाज में अशांति पैदा करने के उद्देश्य से यह किया गया है। समाज में विद्रोह पैदा करके देश की एकता और अखंडता को खुली चुनौती दी गई है। अपराध की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बी एन एस की धारा 173,196,197,298,299,302,67 मुकदमा दर्ज करके पुलिस छानबीन कर रही है।

महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

जौनपुर(आरएनएस) । चंदवक क्षेत्र के बीरी बारी सारेपुर गांव में एक महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना तब हुई जब उसका पति कपड़े की फेरी लगाने घर से बाहर गया था। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।परिजनों ने बताया कि महिला आर्थिक तंगी से परेशान थी। उसने एक समूह से ऋण लिया था और उसकी किस्त चुकाने का समय नजदीक आ रहा था, जिसके कारण वह तनाव में थी। मृतका के पति बिकल निषाद के अनुसार, दोपहर में खाना खाने के बाद वह घर से निकलकर पास के पूजा पंडाल में चले गए थे। इसी दौरान उनकी पत्नी वंदना ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। काफी देर तक वंदना के बाहर न आने पर उनकी बड़ी बेटी ने खिड़की से झांककर देखा। उसने पाया कि वंदना साड़ी के सहारे पंखे से फंदा लगाकर लटकी हुई थी। बेटी ने तुरंत शोर मचाकर अपने पिता को घटना की जानकारी दी।बिकल निषाद ने तुरंत घर आकर दरवाजा तोड़ा और कमरे में प्रवेश किया। उन्होंने वंदना को फंदे से नीचे उतारा, लेकिन तब उसकी मौत हो चुकी थी।वंदना के जेठ संतोष कुमार निषाद ने बताया कि वंदना ने उत्कर्ष माइक्रो बैंक से 60 हजार रुपए का समूह ऋण लिया था, जिसके गारंटर वे स्वयं थे।थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने जानकारी दी कि मायके पक्ष से अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी और मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

'हस्ताक्षर अभियान को लेकर पारा बाजार में कांग्रेस की बैठक'

इसौली विधानसभा व बल्दीराय ब्लॉक क्षेत्र के पारा बाजार में वोट चोरी के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान में तेजी लाने हेतु कांग्रेस की आवश्यक बैठक संपन्न हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने ब्लॉक कमेटी के सभी पदाधिकारियों मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं को वोट चोरी के खिलाफ गांव गांव जाकर ज्यादा से ज्यादा हस्ताक्षर करवाने की कही। वहीं उन्होंने इस अभियान को लोकतंत्र और संविधान की रक्षा का रक्षा कवच बताया। इस मौके पर अजय कुमार पांडे गुड्डू, मो इमरान खान,अति उल्ला अंसारी, हाजी इरफान अंसारी, वरिष्ठ नेता हौशला भीम,आवेश अहमद, शमीम बीडीसी, सोनू, हसीन खान, इकरार, ताजबाबू, कृष्ण कुमार, दिलीप कुमार, मेराज अहमद, मन्ने, इस्माइल, शोएब, सुल्तान, जलील बीडीसी आदि लोग शामिल रहे।

मिशन नारी शक्ति के तहत छात्रा मुस्कान बनी एक दिवसीय प्रधानाचार्या

सुल्तानपुर(आरएनएस)। मिशन नारी शक्ति के तहत एमजीएस इंटर कॉलेज की कक्षा 9 की प्रतिभाशाली छात्रा मुस्कान ने शनिवार को एक दिवसीय प्रधानाचार्या का दायित्व संभालकर सबको प्रभावित किया।

विद्यालय पहुँचते ही मुस्कान ने प्रधानाचार्य के समस्त दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन किया। उन्होंने अध्यापकों व कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर की जाँच की, प्रत्येक कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए साफ–सफाई एवं पठन–पाठन की स्थिति देखी। छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्काल निराकरण के प्रयास किए। अपने सुझावों में मुस्कान ने बच्चों को मेहनत से पढ़ाई करने और खेल–कूद पर विशेष ध्यान देने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि "अध्यापकों से परिवार के सदस्य की तरह जुड़ना चाहिए और देश की समृद्ध संस्कृति को सहेजकर आगे बढ़ना चाहिए।" मुस्कान की कार्यशैली ने सभी को प्रभावित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह सहित विचित्र वीर सिंह, राजेश कुमार कनोजिया, राकेश सिंह, किरण वर्मा, अंजली सिंह

, मधुलिका सिंह, डॉ. अजय सिंह, संजय सिंह, वैभव सिंह एवं राम प्रकाश ने उनकी सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

तेज आंधी और बारिश से कई खंभे गिरें

जौनपुर(आरएनएस) । बीती रात आई तेज आंधी और बारिश के कारण नगर क्षेत्र में कई स्थानों पर बिजली के खंभे टेढ़े हो गए या गिर गए। सूचना मिलने पर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने देर रात तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने दुर्गापूजा और मार्गों पर संभावित भीड़भाड़ को देखते हुए विद्युत विभाग को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को सख्त निर्देश दिए कि पूरी टीम रात में कार्य करते हुए सभी जर्जर खंभों को अतिशीघ्र बदलवाए। इसका मुख्य उद्देश्य विद्युत व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित रखना और त्योहारों के दौरान आमजन को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना न करने देना है। विद्युत अधिकारियों से कहा कि आमजनमानस को निर्बाधा विद्युत आपूर्ति के साथ ही उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना जिला प्रशासन का दायित्व है। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में विद्युत विभाग की लापरवाही से कोई दुर्घटना होती है, तो संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के प्रति कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए आगामी त्योहारों के मद्देनजर अभियान चलाकर सभी टेढ़े और जर्जर खंभों को चिन्हित कर अतिशीघ्र बदलने की कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अम्बष्ठ सहित विद्युत विभाग के अधिकारी–कर्मचारी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

आबादी की जमीन पर लेखपाल और मुखिया की मिलीभगत से सरकारी जमीन का हुआ सौदा

सुल्तानपुर(आरएनएस)। कोतवाली नगर के लक्ष्मनपुर चौकी क्षेत्र के लम्बरदार के पुरवा में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। मोहल्ले के राधेश्याम ने इस बाबत एसडीएम सदर से शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन तीन हफ्ते बीत जाने के बावजूद कार्रवाई के बजाय कब्जेदार पक्ष का हौसला बढ़ता ही गया।

शिकायतकर्ता राधेश्याम ने बताया कि उनके मकान का मुख्य निकास दक्षिण दिशा में है और इसी निकास को बंद करने की नीयत से विपक्षी अनारा देवी ने शुक्रवार को मोरंग, सीमेंट और सरिया मंगवा कर शनिवार से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। आरोप है कि महिला महज 20 फीट लंबी व करीब 6 फीट ऊंची दीवार खड़ी कर मुख्य रास्ता पूरी

तरह अवरुद्ध करने की कोशिश कर रही है। मना करने पर विपक्षी महिला न केवल विवाद पर आमादा हो जाती है, बल्कि एससीध्एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी भी देती है। मौके पर डायल 112 की टीम ने कार्य रोकने की चेतावनी दी, बावजूद इसके अवैध निर्माण जारी है।

सूत्रों का कहना है कि कब्जेदार महिला को हल्का लेखपाल और ग्राम प्रधान का संरक्षण प्राप्त है, जिसके चलते आधा दर्जन मजदूरों को लगाकर निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। राजस्व टीम की चुप्पी ने पूरे प्रकरण को और संदिग्ध बना दिया है। पीड़ित का कहना है कि उसने 11 जुलाई को ही एसडीएम सदर को प्रार्थना पत्र दिया था, मगर अब तक कोई कार्रवाई न होने से कब्जेदार

प्रसार भारती पर उपलब्ध होगा देश का पहला AI बैंड 'त्रिलोक', वेव्स ओटीटी के जरिये ले सकेंगे आनंद

विजडम इंडिया संवाददाता।

नई दिल्ली, 27 सितम्बर 2025रू भारत के सार्वजनिक सेवा प्रसारक प्रसार भारती ने कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क के साथ रणनीतिक साझेदारी की है, जिसके तहत भारत का पहला एआई बैंड त्रिलोक अब श्रोताओं और दर्शकों तक आकाशवाणी, दूरदर्शन चौनलों और ॅ।टम्‍ व्ज्ज प्लेटफॉर्म के माध्यम से पहुँचेगा। इस पहल से त्रिलोक के नवीनतम प्रोजेक्ट्स करोड़ों लोगों तक पहुँचेंगे।

हाल ही में बैंड ने "रूपं देहि" नाम से एक भजन प्रस्तुत किया है, जो माँ दुर्गा को समर्पित है और "अर्गलास्तोत्र" से प्रेरित है। इस वीडियो में कोलकाता की दुर्गा पूजा झलकती है, जिसमें अनुष्ठान, दृश्य कला और एआई म्यूजिक का मेल है। इसके अलावा, त्रिलोक ने प्रसिद्ध गणेश आरती "सुखकर्ता दुखहर्ता" को आधुनिक संगीत की परतों के साथ नए अंदाज में प्रस्तुत किया है, ताकि युवा श्रोताओं तक यह भक्ति गीत उनकी मूल भावना के साथ पहुँचे।

ये कार्यक्रम पूरे देश में आकाशवाणी और दूरदर्शन चौनलों पर प्रसारित होंगे तथा डिजिटल दर्शकों के लिए ॅ।टम्‍ व्ज्ज पर भी उपलब्ध रहेंगे। यह पहली बार है जब प्रसार भारती एआई आधारित बड़े स्तर पर तैयार कंटेंट को अपने नेटवर्क्स पर पेश करने जा रहा है, जिससे परंपरा और नवाचार का संगम करोड़ों दर्शकों–श्रोताओं तक पहुँचेगा।

प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने कहा,





"प्रसार भारती का प्रयास हमेशा से यही रहा है कि भारतीय दर्शकों तक ऐसा कंटेंट पहुँचे जो नवीन, प्रासंगिक और संस्कृति से जुड़ा हुआ हो। कलेक्टिव मीडिया नेटवर्क के साथ यह साझेदारी दिखाती है कि तकनीक और कहानी कहने का मेल किस तरह प्रेरित कर सकता है, मनोरंजन दे सकता है और समाज को जोड़ सकता है।"

इस अवसर पर कलेक्टिव आर्टिस्ट्स नेटवर्क के संस्थापक और ग्रुप सीईओ विजय सुब्रमण्यम ने कहा, "हमारा विजन हमेशा से यही रहा है कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर को दुनिया तक पहुँचाया जाए। प्रसार भारती के साथ यह साझेदारी हमें उस दिशा में और आगे ले जाती है। यह सचमुच 'प्रगति' और 'भक्ति' का संगम है दृ जहाँ आस्था और आधुनिकता साथ मिलकर आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत की कहानियाँ गढ़ेंगी। त्रिलोक का संगीत देश के हर कोने तक पहुँचाकर हम तकनीक की ताकत को भारतीय संस्कृति और परंपरा की गहराई के साथ जोड़ रहे हैं।"

यह साझेदारी न केवल भारत के मीडिया परिदृश्य में एआई की बढ़ती भूमिका को दर्शाती है, बल्कि प्रसार भारती के इस दायित्व को भी मजबूत करती है कि वह परंपरा को संजोते हुए नए प्रयोगों को अपनाए। दर्शकों के लिए यह सिर्फ नया संगीत नहीं है, बल्कि एक ऐसा अनूठा अनुभव है जिसमें भारत की प्राचीन आध्यात्मिक परंपराएँ एआई की नई संभावनाओं से मिलती हैं।

दर्शक और श्रोता वेव्स ओटीटी पर त्रिलोक का संगीत और साथ ही सांस्कृतिक, धार्मिक और मनोरंजन से जुड़ा विविध कंटेंट देख–सुन सकते हैं। वेव्स ओटीटी पर लाइव टीवी, रेडियो चौनल, ऑन–डिमांड शो, फिल्में, पत्रिकाएँ और विशेष कार्यक्रम उपलब्ध हैं, जो भारत की विविध मीडिया धारा को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाते हैं.

अनिवार्य टीईटी प्रकरण पर संगठन पहुंचा सुप्रीमकोर्ट

जौनपुर(आरएनएस)। एक सितंबर के सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के पश्चात देश के सभी प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किये जाने को लेकर शिक्षक आंदोलन कर रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार की चुप्पी से शिक्षक काफी निराश एवं उद्वेलित हैं। इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट में अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने पुनर्विचार याचिका दाखिल किया। याचिका दाखिल करते समय वहां उपस्थित उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष व प्रांतीय संयुक्त महामंत्री अमित सिंह ने बताया कि संघ के संरक्षक भाजपा के एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह की अगुआई में राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रांतीय कार्यकारिणी ने टेट अनिवार्यता मुद्दे पर विधिक व विधायी दोनों स्तर से वृहद तैयारी की रही है, जिसके संदर्भ में पुनर्विचार याचिका व रिट राष्ट्रीय संगठन द्वारा दायर की गई।अब शिक्षकों के राष्ट्रीय स्तर के संगठन अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। सनद रहे कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सरंक्षक गोरखपुर क्षेत्र से एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह के यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर शिक्षकों के पक्ष में रिव्यू दाखिल करने के अनुरोध को मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए इस मामले में प्रदेश सरकार ने पहले ही पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी। अब अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ (एआईपीटीएफ) ने स्प्रीम कोर्ट में देश के शिक्षकों की तरफसे रिव्यू याचिका दायर कर दी है।

हृदय से जुड़े संकेत या दर्द नजरअंदाज न करें

जौनपुर(आरएनएस)। लायन्स क्लब द्वारा विश्व ह्रदय दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को ह्रदय रोगों से बचाव और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए जागरुकता रैली अहियापुर से निकाली गई। रैली स्टेशन रोड होते हुए जिला चिकित्सालय तक गई। जिला चिकित्सालय में संगोष्ठी हुई, जिसमें चिकित्सकों ने ह्रदय रोगों के जोखिम व लक्षणों और इस घातक बीमारी से बचाव एवं उपचार के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। डॉ वी एस उपाध्याय ने कहा कि हार्ट अटैक होने पर कोरोनरी धमनी की नलियों में ब्लड क्लाट या लकवा की स्थिति में ब्रेन के नलियों में खून का थक्का जमा होने पर हमें अस्पताल पहुंच कर गोल्डन पिरियड दो से चार घंटे के बीच नस खुलवाने का लाभ लेना चाहिए। इस प्रक्रिया में ऐसे इंजेक्शन का प्रयोग होता है जो ब्लड क्लाट को खत्म कर देता है। थ्रंबोलाइसिस थक्का जमना कहते हैं। ऐसा करने से हार्ट अटैक या पैरालिसिस लकवा में कई गुना लाभ मिलता है और बंद नलियां खुल जाती है। कहा कि हृदय से जुड़े किसी भी चेतावनी संकेत दर्द को नजरअंदाज न करें। अपने दिल की दिल से देखभाल करना जीवन का सबसे कीमती तोहफा है। सहज और स्वस्थ आदतें अपनाकर न सिर्फ खुद को, बल्कि अपने परिवार को भी दिल की बीमारियों से बचाया जा सकता है।

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर सम्मानित हुए - इंस्पेक्टर पवन कुमार पाण्डेय

महाकुम्भ 2025 के अवसर पर ट्रैफिक इंस्पेक्टर पवन कुमार पाण्डेय दैनिक ड्यूटी के अतिरिक्त पर्यटन विभाग में महाकुम्भ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं के मदद के लिए दिए गए टूरिस्ट गाइडों, टैक्सी चालकों को सुगम सुरक्षित यातायात बनाएं रखने हेतु , पर्यटकों को सुगम भ्रमण सुविधा हेतु,यातायात नियमों का प्रशिक्षण दिया गया तथा वर्तमान समय में भी लगातार पर्यटन विभाग को दिए जा रहे सहयोग (होम स्टे नीति 2025 को प्रोत्साहन आदि)और मिशन शक्ति दृ05 के प्रचार प्रसार और जागरूकता कार्यक्रम हेतु सराहनीय भूमिका के लिए मंडलायुक्त प्रयागराज मण्डल सौम्या अग्रवाल (पै),जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा सर (पै),मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज श्रीमती हर्षिता सिंह(पै)

द्वारा राष्ट्रीय कर्मयोगी होने बाह्य फल प्रदान किया गया। इस सम्मान के बाद योगदान के आनन्द में निश्चित तौर पर वृद्धि हो सकेगी, साथ ही साथ आन्तरिक और बाह्य फलों का भी विकास हो सकेगा।

इस सुखद अवसर और मूल्यांकन के लिए प्रयागराज मण्डल की सम्मानित त्ज्व (क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी) अपराजिता सिंह ने किया। सम्मानित होने के क्रम में समाजसेवी नितीश शुक्ल(चाइल्ड हेल्पलाइन), मिशन शक्ति में लगी महिला आरक्षी,वन स्टाप सेंटर प्रभारी व अन्य स्वयं समूह की महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इस दौरान सिविल डिफेन्स से नीरज मिश्रा,राकेश तिवारी,अनिल कुमार गुप्ता, महेन्द्र सक्सेना,संतोष जी, प्रोफेसर प्रखर तिवारी, मनीष जी आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

विज़डम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608 हिन्दी दैनिक समाचार पत्र लखनऊ, रविवार 28 सितंबर 2025 sheelshukla100@gmail.com

ब्रिक्स की सदस्यता के लिए आवेदन करने के बाद बोला- भारत के दरवाजे हमारे लिये 24 घंटे खुले रहते हैं

BRICS जो मूलतः ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता के साथ शुरू हुआ था, वह हाल के वर्षों में तेजी से विस्तारित हुआ है। वर्ष 2024 में मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात इस मंच से जुड़े, वहीं 2025 में इंडोनेशिया इसका हिस्सा बना। एक महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के तहत फिलस्तीन ने ठत्प्ै समूह में सदस्यता के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है। यह कदम उस समय सामने आया है जब लगातार कई देश फिलस्तीन को एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में मान्यता प्रदान कर रहे हैं। रूस में फिलस्तीन के राजदूत अब्देल हाफिज नोफल ने पुष्टि की है कि आवेदन दायर किया जा चुका है और अब उत्तर की प्रतीक्षा की जा रही है। उनका कहना है कि जब तक परिस्थितियाँ अनुकूल नहीं होतीं, फिलस्तीन अतिथि सदस्य के रूप में भागीदारी कर सकता है।हम आपको बता दें कि ठत्प्ै, जो मूलतः ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका की सदस्यता के साथ शुरू हुआ था, वह हाल के वर्षों में तेजी से विस्तारित हुआ है। वर्ष 2024 में मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात इस मंच से जुड़े, वहीं 2025 में इंडोनेशिया इसका हिस्सा बना। चीन ने इस विस्तार का स्वागत करते हुए संकेत दिया है कि ष्समान विचारधारा वाले साझेदारष ठत्प्ै के लिए उपयुक्त हैं। बीजिंग का स्पष्ट संदेश है कि यह संगठन ग्लोबल साउथ के देशों को सशक्त आवाज देने और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था स्थापित करने का मंच बन चुका है।देखा जाये तो फिलस्तीन की इस पहल का समय बेहद महत्वपूर्ण है। एक ओर पश्चिमी देशों की स्थिति वर्षों से इजराइल–समर्थक रही है, वहीं हाल के सप्ताहों में कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, पुर्तगाल और ब्रिटेन जैसे देशों ने फिलस्तीन को औपचारिक मान्यता प्रदान कर दी है। यह इस बात का संकेत है कि पश्चिमी राजनीतिक परिदृश्य में भी बदलाव आ रहा है। फिलस्तीन यदि ठत्प्ै से जुड़ता है तो यह न केवल प्रतीकात्मक होगा बल्कि उसकी कूटनीतिक स्थिति को भी मजबूती देगा।हम आपको बता दें कि भारत ने ऐतिहासिक रूप से फिलस्तीन के आत्मनिर्णय और स्वतंत्र राष्ट्र की आकांक्षा का समर्थन किया है। महात्मा गांधी से लेकर जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी तक की नीतियों में फिलस्तीन के प्रति सहानुभूति और समर्थन स्पष्ट रहा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में भी फिलस्तीन के पक्ष में मतदान किया है और उसकी विकासात्मक सहायता में योगदान दिया है। हालांकि, पिछले दो दशकों में भारत–इजराइल संबंधों में उल्लेखनीय निकटता आई है। रक्षा, प्रौद्योगिकी और कृषि जैसे क्षेत्रों में सहयोग ने नई दिशा दी है। इसके बावजूद भारत ने संतुलित दृष्टिकोण बनाए रखा हैकृ एक ओर इजराइल के साथ रणनीतिक साझेदारी, दूसरी ओर फिलस्तीन के राष्ट्र की मान्यता और सहायता। हम आपको बता दें कि ठत्प्ै का उद्देश्य वैश्विक वित्तीय व राजनीतिक संस्थाओं में सुध्ाार लाना और विकासशील देशों को मजबूत आवाज देना है। यदि फिलस्तीन इस संगठन का हिस्सा बनता है तो भारत के सामने संतुलन साधने की चुनौती होगी। एक ओर भारत को ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं और ऐतिहासिक रुख का समर्थन करना होगा, वहीं दूसरी ओर इजराइल के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों को भी ध्यान में रखना पड़ेगा। भारत के लिए यह अवसर भी है कि वह मध्य–पूर्व में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देने वाला मध्यस्थ बनकर उभरे। भारत ष्रणनीतिक स्वायत्तताष की अपनी नीति के तहत यह साबित कर सकता है कि वह पश्चिम और पूर्व के बीच संतुलन साधने में सक्षम है।देखा जाये तो फिलस्तीन का ठत्प्ै में आवेदन केवल एक कूटनीतिक औपचारिकता नहीं, बल्कि एक नए वैश्विक समीकरण का संकेत है। ठत्प्ै अब केवल आर्थिक सहयोग का मंच नहीं रहा, बल्कि यह विश्व राजनीति में शक्ति संतुलन का प्रतीक बन चुका है। भारत के लिए यह समय है कि वह फिलस्तीन की आकांक्षाओं का समर्थन करते हुए शांति, न्याय और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के अपने संकल्प को मजबूती से रेखांकित करे।हम आपको यह भी बता दें कि भारत और फिलस्तीन के बीच संबंध ऐतिहासिक रूप से भावनात्मक और कूटनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहे हैं। भारत में फिलिस्तीनी राजदूत के बयान ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि नई दिल्ली और रामल्लाह के बीच संबंध विश्वास और सहयोग की मजबूत नींव पर टिके हुए हैं। फिलस्तीनी राजदूत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत फिलिस्तीनी जनता के लिए ठोस और महत्त्वपूर्ण काम कर रहा है। उन्होंने कहा है कि भारत फिलिस्तीन में कई विकास परियोजनाओं में कार्यरत है,।

सम्पादकीय

राहुल गांधी की गलत धारणा

भारत निर्वाचन आयोग ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वोटचोरी के आरोप को खारिज कर दिया। अपनी पोस्ट में आयोग ने लिखा, किसी भी वोट को ऑनलाइन किसी शख्स द्वारा हटाया नहीं जा सकता, जैसा कि गांधी ने गलत धारणा बना रखी है। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गांधी ने आरोप लगाया था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार वोट चोरों को संरक्षण दे रहे हैं और फर्जी मतदाताओं को घटानेध्जोड़ने में होने वाली धोखाधड़ी की उन्हें पूरी जानकारी है।गांधी ने कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र में कम से कम छह हजार वोट हटाने व महादेवपुरा में कुछ इसी तरह की धोखधड़ी का आरोप लगाया था। उनके अनुसार सॉफ्टवेयर का प्रयोग कर असली मतदाताओं का रूप लिया गया। गांधी ने बूथ लेबल के अधिकारी के चाचा का नाम हटाए जाने की भी चर्चा की। कुछ समय से विपक्षी दलों दल दावा करते रहे हैं कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर मतदाता सूची से फर्जी वोट हटानेध्जोड़ने का काम कर रहा है।चुनाव आयुक्त को लोकतंत्र की हत्या करने वालों से बचाने का आह्वाहन करते हुए गांधी ने कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा व उप्र में बड़े पैमाने पर नाम हटाने का आरोप लगाया। समूचा विपक्ष एक सुर में यही कह रहा है। आयोग के नमूना मांगने के जवाब में राहुल ने इस दफा सौ फीसद प्रमाण की बात भी की। पूर्व में मतदाता सूचियों की खामियां तो स्पष्ट नजर आई हैं मगर मतदान में किसी तरह के हेरफेर के सटीक प्रमाण नहीं मिले। आरोप निराधार नहीं हैं तो इन्हें खतरे की घंटी तो माना ही जाना चाहिए।आयोग को कीचड़ उछालने की बजाय अपनी खामियों को सुधारने के प्रति पारदर्शितापूर्ण कदम उठाते नजर आना चाहिए। अपनी स्वतंत्रता और निष्पक्षता का उदाहरण पेश करने में कोताही नहीं बरतनी चाहिए। लोकतंत्र में हर वोट की अहमियत है। मतदाता के अधिकारों की उपेक्षा या मतदाता सूची से उसके नाम में होने वाली छेड़छाड़ की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए। तकनीकी विफलताओं या प्रशासनिक भूलों के चलते संदेह की गुंजाइशें छोड़ा जाना आयोग की कार्यपण्राली पर प्रश्न चिह्न लगाता है।विपक्ष को अपनी भूमिका निभाने में संकोच नहीं करना चाहिए परंतु मतदाताओं को उकसाने के लिहाज से बेबुनियादी आरोपों का सहारा भी नहीं लेना चाहिए। आरोप–प्रत्यारोप लोकतांत्रिक व्यवस्था की जड़ों पर मत्त्रा न डालें, इसकी फिक्र सबको मिल–जुलकर करनी होगी।

व्यापार में सुगमता बढ़ाने से अभूतपूर्व निवेश आकर्षित हो सकता ह

हाल ही में वैश्विक रेटिंग एजेंसियों ने भारत पर भरोसा दोहराया है। यह भरोसा भारत की अर्थव्यवस्था की उस मजबूत संरचना को साबित करता है, जो पिछले कुछ वर्षों में कठिन मेहनत से तैयार की गई है। इससे व्यापार को लेकर उठने वाला संदेह और शोर–शराबा भी शांत हुआ है।यह सुनिश्चित करने के लिए कि संपत्ति का बराबर बंटवारा हो और सभी को समान अवसर मिलें, सरकार ने एण्डक्यूयूओटीयबारबेल रणनीति एण्डक्यूयूओटीय अपनाई है। इसके तहत नीतियों और नियमों में कई तरह के सुधार किए जा रहे हैं, ताकि ईज ऑफ बिजनेस के अलग–अलग स्तंभ मजबूत हों। साथ ही, बड़े पैमाने पर औपचारिकीकरण, वित्तीयकरण और तकनीकी एकीकरण को जरूरी बनाया गया है।यह निवेश आकर्षित करने और अन्य देशों से कड़ी प्रतिस्पर्धा में आगे निकलने के लिए अनिवार्य है। महामारी के बाद भू–राजनीतिक हालात ने मैन्युफैक्चरिंग के तरीके बदलने की जरूरत पैदा कर दी। इसी के चलते भारत ने एक नई राह पकड़ी है, जहां एण्डक्यूयूओटीयईज ऑफ एग्जिट एण्डक्यूयूओटीय यानी व्यापार से बाहर निकलने की आसानी पर जोर दिया जा रहा है। यह निवेशकों के लिए बहुत अहम है क्योंकि वे पूंजी लगाते समय इस सुविधा कोदेखते हैं। साल 2000 से अब तक भारत में 1 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा का एफडीआई आया है, जिसमें सेवाएं, तकनीक और टेलीकॉम जैसे क्षेत्र सबसे ज्यादा लाभान्वित हुए हैं (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही तक ही लगभग 25 अरब डॉलर निवेश आया है)। जब सेबी विश्वसनीय विदेशी निवेशकों के लिए एकल खिड़की स्वचालित एवं सामान्यीकृत पहुंच (स्वागत–एफआई) लागू करता है, कम जोखिम वाले माने जाने वाले प्रमुख विदेशी निवेशकों के लिए पहुंच को सरल बनाता है, या आरबीआई फेमा दिशानिर्देशों में बहुप्रतीक्षित बदलाव लाता है, जिससे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में रुपये का उपयोग बढ़ता है, तो अटलांटिक पार से आने वाली हलचलें अविस्मरणीय होती हैं। संस्थागत सुधारों की सफलता आईबीसी, संपत्ति पुनर्निर्माण, इंफ्रा फाइनेंसिंग और बैंकिंग, बीमा व वित्तीय सेवाओं में एण्डक्यूयूओटीयप्लग–एंड–प्लेएण्डक्यूयूओटीय मॉडल के रूप में दिखती है। इन क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का तेजी से बढ़ता इस्तेमाल इसे और मजबूत बना रहा है। जनसंख्या के पैमाने पर कई नीतिगत कदम उठाए गए हैं, जैसे पीएमएवाई (3.2 करोड़ घरों को मंजूरी), मुद्रा(कुल 52 करोड़ से अधिक खातों में 33.65 लाख करोड़ रुपये मंजूर किए गए, जिसमें 68 प्रतिशत महिला उद्यमी हैं),पीएम–स्वनिधि (96 लाख से अधिक ऋण खातों के माध्यम से 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को कवर किया गया), उद्यम (उद्यम सहायता पोर्टल की गणना करते हुए 6.86 करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकरण), श्रम सुविधा (2018 से 6.63 लाख ईएसआईसी पंजीकरण, 6.49 लाख ईपीएफओ पंजीकरण और फर्मों द्वारा 1.29 लाख अनुबंध श्रमिक पंजीकरण के साथ श्रम और रोजगार पोर्टल का अनुपालन), स्वामित्व (ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एकीकृत आवासीय संपत्ति स्वामित्व समाधान जिसमें 9 3.20 लाख गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है), नक्शा (प्रारंभ में 150 शहरों में पायलट कार्यक्रम के साथ शहरी भूमि पार्सल का व्यापक, जीआईएस–एकीकृत डेटाबेस, जिसे पूरे भारत में 4,912 शहरी स्थानीय निकायों तक विस्तारित किया जाएगा), एसएएससीआई (केन्द्र से राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50–वर्षीय ब्याज–मुक्त ऋण) और औपचारिकीकरण भी लगातार बढ़ रहा है। इन सारी योजनाओं ने मिलकर भारत की मेहनत और लचीलापन दोनों को नई ताकत दी है। इससे पहले शुरू की गई कई योजनाओं को मजबूती मिली है, स्मार्ट सिटी मिशन से लेकर हर घर जल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (पीएमजीकेवाई), पीएम किसान सम्मान निधि से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक।

टाइगर आफ स्काई की गौरवपूर्ण विदाई

मिग–21 सुपर सोनिक फाइटर विमान का निर्माण सोवियत रुस द्वारा 1950 के दशक के दौरान आरंभ किया और मिग की पहली उड़ान 1955 में हुई। 1962 के युद्ध के अनुभवों के कारण भारत को अपनी वायुसेना को मजबूत बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। चण्डीगढ़ के एयरबेस से मिग–21 की आखरी उड़ान के साथ मिग की विदाई केवल एक सुपरसोनिक फाइटर की विदाई नहीं है अपितु भारतीय वायु सेना के फाइटर बेडे से मिग की गौरवशाली अतीत की विदाई है। अपनी गति, शक्ति और मारक क्षमता के कारण नाम से ही दुश्मनों में दहसत बनाने वाले मिग–21 अपनी यात्रा के 62 वर्ष पूरे कर विदा हो रहा है। 1962 के युद्ध के कटु अनुभवों के बाद भारत ने अन्य विकल्प होते हुए भी सोवियत रुस के मिग–21 को प्राथमिकता दी। 1963 में चण्डीगढ़ में ही मिग ने भारतीय वायु सेना में प्रवेश किया और 26 सितंबर, 2025 को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व सेनाप्रमुखों के बीच औपचारिक विदाई ली है। स्क्वाड्रनलीडर प्रिया सिंह ने अंतिम उड़ान भर कर मिग–21 को शानदार–यादगार विदाई दी। मिग–21 का 1965, 1971, करगिल, बालाकोट और ऑपरेशन सिन्दूर तक गौरवशाली इतिहास रहा है। हालांकि मिग–21 के उड़ान के दौरान हुई दुर्घटनाओं ने इसे उड़ता ताबूत ही नहीं विडो मेकर तक कहा जाने लगा। दरअसल पाकिस्तान से युद्ध के दौरान अमेरिका के एफ–16 युद्धक विमान को गिरा कर सारी दुनिया को इसने आश्चर्य में ड़ाल दिया था। 1971 में ढ़ाका में गर्वनर हाउस पर बमबारी कर अपनी मारका क्षमता का लोहा मनवा चुका है। भारतीय वायु सेना में 800 से अधिक मिग का बेड़ा रहा है। इनमें से करीब 400 मिग के दुर्घटनाग्रस्त होने और करीब 200 पायलट और 50 नागरिकों की मौत के कारण गति, शक्ति और रफ्तार के बावजूद मिग–21 को उड़ता ताबूत कहा जाने लगा। यह दूसरी बात है कि कुछ दुर्घटनाएं मानवीय भूल के कारण हुई तो कुछ अन्य कारणों से। मिग–21 सुपर सोनिक फाइटर विमान का निर्माण सोवियत रुस द्वारा 1950 के दशक के दौरान आरंभ किया और मिग की पहली उड़ान 1955 में हुई। 1962 के युद्ध के अनुभवों के कारण भारत को अपनी वायुसेना को मजबूत बनाने की आवश्यकता महसूस हुई। अमेरिका द्वारा पाकिस्तान को एफ–16 विमानों की आपूर्ति के कारण भारत को भी अपनी वायुसेना को वेल इक्विप्ड करने की आवश्यकता महसूस हुई और अमेरिका सहित अन्य देषों के फाइटर विमानों के विकल्प होने के बावजूद भारत ने सोवियत रुस के मिग फाइटर विमान खरीदने को पाथमिकता दी। हालांकि 1965 के युद्ध में मिग का सीमित योगदान रहा पर 1971 के युद्ध की तो भाषा ही मिग फाइटर ने बदल कर रख दी। अमेरिका के एफ–16 विमानों को मारगिराकर मिग विमानों ने ना केवल अपनी मारक क्षमता का प्रदर्शन किया अपितु दुनिया के देशों को दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर कर दिया। हालिया ऑपरेशन सिन्दुर में भी मिग विमानों ने महत्वूपर्ण भूमिका निभाई है।मिग–21 अपनी उड़ान क्षमता, तेजी से आकाश में उंचाई पर जाने, ध्वनी से भी तेज गति से उड़ाने भरने और निशाने पर निशाना साधनें में सफल रहा है। दुश्मन देश तो मिग के नाम से दहशत खाने लगे थे। मिग–21 छोटे रनवे, कठिन हालातों में भी उड़ान भरने में सक्षम रहा है। अचानक हमले के हालातों में भी यह भरोसेमंद रहा है। सूई की नोक जैसे इस विमान में तापमान की समस्या के बावजूद इस विमान की उड़ान भरने में वायुसेना फाइटर गौरव महसूस करते रहे हैं। 2021 के बालाकोट के दौरान भी इसने अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। इसमें कोई दो राय नहीं कि दुनिया के 60 से अधिक देशों में मिग ने अपने पराक्रम को दिखाया पर मिग के निर्माता सोवियत रुस से ही मिग की विदाई सबसे पहले आरंभ हुई। रशिया ने 1990 से ही मिग की विदाई आरंभ कर दी। चीन, पौलेण्ड, बुल्गारिया, रोमानिया, चेकस्लोवाकिया, क्रोएशिया, हंगरी आदि इसे विदाई दे चुके हैं। हालांकि सीरिया, उत्तर कोरिया औद अफ्रिकी देशों में मिग सेना के हिस्से बने हुए हैं। भारत में मिग का लंबे समय का कार्यकाल रहा है। फ्लाइंग काफिन जैसे नाम से बदनामी के बावजूद अपग्रेडेड मिग का भारतीय सेना में उपयोग होता रहा। निशाने पर लक्ष्य को साधने में सक्षम होने के बावजूद जिस तरह से इसके क्रेस होने की गति रही है उससे यह बदनामी का भी प्रमुख कारण रहा है। और यही कारण है कि मिग–21 की गौरवपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद अंततोगत्वा 62 साल की लंबी यात्रा के बाद इसे सम्मानपूर्वक विदाई दी गई है। देखा जाएं तो मिग ने भारतीय सेना में अपनी गौरवपूर्ण सेवाएं दी और भारतीय सैनिकों ने युद्ध के दौरान इसका जिस तरह से उपयोग किया वह भारतीय सेना के गौरव को बढ़ाने वाला रहा। यही कारण है कि मिग को गौरवपूर्ण समारोह में विदाई दी गई। जहां से इसकी शुरुआत हुई वहीं से इसको विदाई दी गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विदाई समारोह में कहा कि भारतीय वायु सेना के इतिहास में मिग की सेवाओं को स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। मिग को भारत और रुस के बीच संबंधों से भी जोड़ के देखा जाता रहा है। खासबात यह कि उड़ता ताबूत कहलाने के बावजूद भारतीय वायु सेना में मिग ने 60 वर्ष से भी अधिक समय तक अपने सामर्थ्य से देश के जरुरत के समय अपेक्षाओं पर खरा उतरा। युद्ध या यौद्धिक गतिविधियों के दौरान मिग गैम चौंजर सिद्ध हुआ है। यही कारण है कि मिग को रिटायरमेंट की गौरवपूर्ण विदाई दी गई। अब भारतीय वायु सेना में स्वदेशी फाइटर तेजस मिग का स्थान लेगा। सुखाई, राफेल और तेजस आदि की उपस्थिति से आज भारत की वायुसेना दुनिया की सबसे सक्षम और ताकतवर सेनाओं में से एक है। भले ही भारतीय वायु सेना के बेडे से मिग की विदाई हो गई है पर 1971 का युद्ध, करगिल, बालकोट, ऑपरेशन सिन्दुर और इसी तरह के अभियानों की चर्चा होगी तो मिग की गौरवपूर्ण सेवाओं को सम्मान के साथ याद किया जाएगा।

गुलामी के आठ सौ साल से उपजी सामूहिक हीन भावनाओं को लेकर चिंता?

अजय दीक्षित

पुरानी बात है लेकिन इस संदर्भ में प्रासंगिक है। एक राजा बहुत क्रूर था और उसका मंत्री उससे भी बदमाश था। राजा का नया महल बन रहा था जबकि राजा एक दूसरे महल में रहता था। दोनों स्थानों के बीच एक नदी थी । मजदूर हजारों की संख्या में उस पुल से निकलकर राजा की बेगारी करने दूसरी ओर जाते थे। मंत्री ने राजा के कहने पर आदेश दिया कि लौटते समय सभी जनता , मजदूरों को जूते लगाए जाएं। राजा के आदेश का पालन हुआ और पांच सैनिक जूते लगाने तैनात किए। रोज शाम को सभी को घर लौट ने से पहले पांच,पांच जूते खाने पड़ते थे। सभी कुछ सहन हो रहा था।एक दिन राजा ने शराब पी ली और उस स्थान का पुल पर निरीक्षण किया। जनता सब सहन कर रही थी। फिर भी राजा ने एक डिब्बा रख वा दिया कि जनता के कोई सुझाव हो तो वह पर्ची पर लिख कर इस डिब्बे में डाल दें।यह जले पर नमक छिड़कने जैसा था ।कई दिन गुजर गए लेकिन कोई सुझाव नहीं आया तो हरामीजादे राजा ने जूते पांच के बजाय दस कर दिए तो एक परेशानी हुई कि मजदूर देर से घर पहुंचने लगे।इस पर एक मजदूर ने आंख बचाकर एक पर्ची डिब्बे में डाल दी।जब राजा को मालूम हुआ कि कोई सुझाव आया है तो उसने डिब्बा खुलवाया और पढ़ा तो उसमें लिखा था कि हजूर जूते लगाने वाले सैनिक बढ़वा दो ।शाम को घर पहुंचने में देर हो जाती है।यह सोच बन गई थी भारत वर्ष की जनता की गुलामी के आठ सौ साल में, हीन भावना उत्पन्न हो गई थी। 1192 से देश में विदेशी शासन ही रहा। पारस की खाड़ी से आए महमूद गजनी ने आक्रमण किया और इंद्रप्रस्थ के राजा पृथ्वी राज चौहान हो हराकर बंदी बना लिया। उसके दिल्ली सल्तनत, मुगल, ब्रिटिश ने राज्य किया ।1947 में ही आजाद हो सका था।कुल 800 साल हम गुलाम रहे ।

भारत वर्ष लगभग आठ सौ साल पहले मुस्लिम सल्तनत,मुगल और ब्रिटिश का गुलाम रहा था। इस दौरान देश में एक सामूहिक हीन भावना उत्पन्न हुई और पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ जाती रही।इस काल खंड में देश ने अनेक शासनों को झेला। आज भी यही आवाज कई लोगों में यह कह कर निकलती है कि हम इस पचड़े में नहीं पड़ेंगे चाहे कितना भी बड़ा मुद्दा हो लोग आज भी बचना चाहते हैं।इस देश के लोगों ने आजादी के राजनीतिक लोगों, अधिकारियों, आपातकाल, आतंकवाद, भाईभतीजाबाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद, नौकरशाही,को झेला है। वह तो भला हो जवाहर लाल नेहरू का जिन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था को स्थापित कर दिया और जनता को गुप्त मतदान के माध्यम से सरकार बदलने का मौका मिला हुआ है नहीं तो पाकिस्तान में तीन बार संविधान बदल चुका है और सेना प्रमुख जब मर्जी हो तख्तापलट कर देते हैं और जनता तमाशबीन बन कर देखती रहती है।

भारत में कभी क्रांति नहीं हो सकती है क्योंकि हमारी रगों में अजीब सी हीन भावना है। मुस्लिम देशों में सत्ता के लिए रक्तपात किया जाता है।ईरान, इराक, सीरिया लेबनान, लीबिया,उसके उदाहरण हैं।रूस में 1907 में क्रांति हो चुकी है। चीन में माओवाद था और अभी भी है , अफगानिस्तान, म्यांमार, बांग्लादेश,में भी हिंसक क्रांति हो चुकी है।इस के पीछे इन देशों का इतिहास है और वे 800 वर्ष गुलाम नहीं रहे। ब्रिटिश ने जहां जहां शासन किया वे बहुत ही निर्दयता से जनता से व्यवहार करते थे।भारत में उन्होंने खूब लूटपाट की और जनता का हर तरीके का शोषण किया।जो पीछे छूट गया उसे भूल कर हीन भावना से लोगो को निकलना चाहिए।800 वर्षों की गलमी ने भौतिक विकास, समाज विकास, बुरी तरह से प्रभावित किया था। यद्यपि ब्रिटिश ने भारत को कंगाल कर दिया।1931 में गोल मेज सम्मेलन में गांधीजी ने जॉर्ज पंचम से यही तो कहां था कि मेरे देश की जनता भूखी और कंगाल है और आप मुझसे उम्मीद कर रहे हैं कि में आपके सामने कोट पेंट पहन कर आने का काम करूं। लेकिन नेपाल की घटनाओं को सही नहीं ठहराया जा सकता यद्यपि नागरिक अगर अपनी बात दृढ़ता से रखेंगे तो सरकारें भी ठीक काम करेंगी। देश की केंद्रीय सरकार और राज्यों की सरकार भी इस हीन भावनाओं से जुड़ी रही हैं। जवाहर लाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह तक सरकारों अधिक दृढ़ता का परिचय देना चाहिए था। जैसे 1962 के युद्ध में चीन ने भारत की 74000 वर्ग किलोमीटर पर कब्जा कर लिया उसे भारत आज तक बापिस नहीं ले सका है। हां श्री मति इंदिरा गांधी ने 1971 का युद्ध जीतकर बांग्लादेश बनवा दिया।यह अपवाद है।इस प्रकार 70 वर्ष बाद कश्मीर से अनुच्छेद 370 भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार ने विलोपित की क्योंकि इस मुद्दे को 1950 से ही उठा रहा था। अटल बिहारी वाजपेई ने परमाणु हथियारों का परीक्षण भी अपवाद है।

लेकिन 2014 से जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है उसने कड़े फैसले लेना शुरू किए हैं

आज का राशिफल

मेष राशि –
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। बिजनेस में आज आप बढ़िया लाभ कमायेंगे, घर में खुशहाली आएगी। दाम्पत्य जीवन में चल रही किसी समस्या का आज समाधान होगा

वृष राशि–
आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको घर के बडों से राय मिलेगी, जिससे किसी काम को पूरा करने में आसानी होगी। आज इस राशि के छात्रों को टीचर का भरपूर सहयोग मिलेगा,

मिथुन राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आप किसी नए काम की योजना बनायेंगे और जल्द ही उस पर काम शुरू करेंगे। आज आपको पारिवारिक उलझन का समाधान मिलने से, मन में प्रसन्नता होगी। आज नौकरी में आ रही रुकावटे खत्म होंगी,

कर्क राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको तरक्की के नए अवसर प्राप्त होंगे, जिसका लाभ उठा कर आप जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। इस राशि के अविवाहित व्यक्तियों को जल्द ही, विवाह के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

सिंह राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आप किसी मामले को शांति से सुलझाने का प्रयास करें , तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप किसी आयोजन का हिस्सा बनेंगे, जहां आपको नए व्यक्तियों से मिलने का मौका मिलेगा।

कन्या राशि–
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको पैतृक सम्पत्ति का लाभ मिलेगा , साथ ही आपके सपने पूरे होने की उम्मीद है। आज हेल्थकेयर में आपकी व्यस्तता बनी रहेगी,

तुला राशि–
आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहेगा। आज आप उन कार्यों को महत्व देंगे, जिनसे आपको खुशी और लाभ दोनों मिल सकें। आज आपके जीवन में तटस्थता और स्पष्टता बनी रहेगी,

वृश्चिक राशि–
आज का दिन आपके लिए मिली – जुली प्रतिक्रिया देने वाला होगा। आज आप अपनी भावनाओं को कण्ट्रोल करने का प्रयास करें, साथ ही दूसरे व्यक्तियों की भी भावनाओं का सम्मान करें।

धनु राशि–
आज का दिन आपके लिए ठीक रहेगा। आज आप किसी काम को पूरा करने के लिए बड़े भाई की मदद ले सकते हैं। जिससे काम सही समय पर और बेहतरीन तरीके से पूरा होगा।

मकर राशि–
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके अधिकतर काम सफल होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास और ज्यादा मजबूत होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे,

कुंभ राशि–
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपका मन अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा , आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा। आज आपको नौकरी में कई बेहतरीन अवसर प्राप्त होंगे

मीन राशि–
आज का दिन आपके लिए पहले की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है 7 आज आपका स्वभाव सभी को पसंद आएगा और आपके काम की सराहना होगी।

रानी की सराय कस्बे में कई दशक से होता है मूर्तियों का निर्माण

आजमगढ़ (आर एन एस)शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो चुका है वहीं पंडाल समितियों द्वारा पंडाल को आकर्षक बनाने के लिए भी तैयारियां तेज हो गई है नवरात्रि के पहले दिन ही प्रतिमाओं को रख करके पूजन अर्चन भी शुरू हो गया है कहीं–कहीं प्रतिमाएं नवरात्र प्रारम्भ होने के एक दिन पहले तोः कहीं दशहरे के दिन से ही प्रतिमाओं को स्थापित कर दिया जाता है समितियां द्वारा नवरात्रि से पूर्व ही पंडालों में देवी प्रतिमाओं को स्थापित कर दिया है। दशहरे के साथ शुरू हुए विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न तिथियों को मेले का आयोजन किया जाता है वहीं बंगाल के कारीगरों द्वारा बुकिंग हुए देवी प्रतिमाओं को अंतिम रूप से दिया जा रहा हैकई साल से बंगाल के कारीगर बना रहे हैं दुर्गा प्रतिमा

रानी की सराय कस्बे के एक समिति के सदस्य ने बताया कि पहले स्थानीय लोगोंद्वारा देवी प्रतिमाओं को बनाया जाता और इसकी तैयारी लगभग एक दो महीने पहले से ही जाती थी लेकिन लगभग कईसाल से बंगाल से आए कार्यक्रमों द्वारा ही देवी प्रतिमाओं को बनाया जा रहाहै

बांस बल्ली के सहारे बनता था पंडाल

इन दोनों जहां आधुनिक तरीके से देवी प्रतिमाओं रखने के लिए पूजा पंडाल समिति द्वारा पंडालो को दो दिन से ही तैयारी की जाती थी जिसके लिए गांव–गांव में जाकर के पास लकड़ी आदि की व्यवस्था की जाती थी और पंडालों को भव्य रूप दिया जाता था लेकिन आज जगह की कमी और समय की बचत के लिए मात्र दो या तीन दिन में पंडाल बन जाते हैं

सामग्री के दाम बढ़ने से मूर्तियों के दाम बढ़े

बंगाल से आए कारीगर ने बताया कि मूर्तियों को बनाने के लिए दो–तीन महीने पहले से मिट्टी बस आदि की व्यवस्था की जाती है इनमें होने वाले सामग्री जैसे टट बस कच्चा पेंट कपड़ा साथ सजा डी के दाम बढ़ जाने से मूर्तियों के दाम भी बढ़ाना पड़ रहा है जो मूर्तियां 3 हजार में मिलती है वह अब 7 से 8 रुपए में मिलती है

बंगाल के कारिगर 8 महीने रह करके मूर्तियों का करते हैं निर्माण रानी की सराय में कस्बे में लगभग एक दर्जन से अधिक मूर्तियां बनाने का कारखाना है लोग वर्ष में 8 महीने बंगाल से आकर के इन कारखानों में बांस और बल्ली के सहारे मंडई बनाते हैं जिसमें तिरपाल रखकर की मूर्तियों का निर्माण करते हैं

मिशन शक्तिअभियान के तहत बच्चों की जागरूकता के लिए एक शैक्षिक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

आजमगढ़ (आर एन एस) जनपद के शिक्षा क्षेत्र बिलरियागंज अंतर्गत शुक्रवार को पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटवध कौतुक बिलरियागंज आजमगढ के प्रांगण में शान द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत एक शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डाक्टर सपना प्रवक्ता गृह विज्ञान तथा डॉक्टर संजय कुमार यादव प्रवक्ता कंप्यूटर साइंस महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड शिक्षा अधिकारी बिलरियागंज जगदीश यादव उपस्थित रहे। बच्चों को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश यादव ने बताया कि आज के समय में बच्चियों को सशक्त स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर होने की जरूरत है। इस पर वर्तमान सरकार भी गंभीर रूप से मंथन कर रही है। कोई भी देश पूर्ण विकसित तभी कहा जाएगा जब हमारी 50: बच्चियों की भागीदारी सरकारी नौकरी, प्राइवेट क्षेत्र, उद्योग तथा राजनीति में रहेगी तभी अपना देश विकसित राष्ट्र हो पाएगा। क्योंकि यह गाड़ी के दो पहिए हैं अगर एक भी पहिए सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं तो गाड़ी सही ढंग से नहीं चल पाएगी। इसलिए बच्चियों को खुद सशक्त बनकर अपने स्वावलंबन के साथ आत्मनिर्भर होना पड़ेगा। सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं का लाभ लेते हुए समाज में बराबरी का दर्जा विस्थापित करना होगा। शासन की नीतियों के तहत इसी विद्यालय से दो बच्चियों नेहा और गुंजा ने एक दिन के लिए खंड शिक्षा अधिकारी का पद भार लिया था। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चियों को काफी जागरूक किया गया। इस मौके पर अन्य अतिथियों में सर्व राम बदन यादव एस आर जी, महेंद्र पुरी अध्यक्ष शीशकमल यादव, अनिल कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, विवेक कुमार सिंह, सुधीर निगम, राजू कन्नौजिया, प्रतिक्षा सिंह, गरिमा यादव आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिवार की स्टाफ प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती कुमुद

कमिश्नर से लेकर डीआईजी तक, मिशन शक्ति मंच पर गूंजा महिला सशक्तिकरण का संकल्प

डीआईजी सुनील कुमार सिंह”नारी कोमल जरूर है, पर कमजोर नहीं, शक्तिका अवतार हैं“

आजमगढ़ मिशन शक्ति फेज–5.0 के अन्तर्गत आज हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मण्डलायुक्त विवेक, डीआईजी सुनील कुमार सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार तथा राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रियंका मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।मण्डलायुक्त ने कहा कि पिछले 5000 वर्षों के बदलाव का इतिहास देखा जाए तो, इसमें विकास कई वर्षों तक मुख्यतः पुरुषों द्वारा किया गया। उन्होने कहा कि संस्कृति और हृदय, भावना और संवेदनशीलता महिलाओं के अधिकार का क्षेत्र हैं। उन्होने कहा कि पुरुष और महिला दोनों ही समाज रूपी रथ के दो पहिये हैं, दोनों का अपना महत्व है, और यह किसी के निम्न या श्रेष्ठता को नही दर्शाता है। उन्होने कहा कि महिलाएँ शारीरिक रूप से कमजोर भले ही दिखाई दें, लेकिन उनकी प्रतिरोधक क्षमता और आंतरिक शक्ति पुरुषों से ज्यादा होती है, यहाँ तक कि शारीरिक स्तर पर भी। उन्होने कहा कि प्रति 1000 महिलाओं पर 1016 पुरुषों का जन्म अनुपात है, जिससे पता चलता है कि विवाह की आयु तक 16 अतिरिक्त पुरुष कम हो जाते हैं। उन्होने कहा कि महिलायें धैर्य, संतोष और संतुलन का प्रतीक होती हैं। पुरुषों में असंतोष देखा जाता है, इसी असंतोष ने सभ्यता के विकास को गति दी है, जिसके सकारात्मक और नकारात्मक दोनों पहलू हैं। उन्होने कहा कि विश्व की समस्याओं का एक प्रमुख कारण वैश्विक समाज में महिलाओं की उचित भूमिका का अभाव है। मण्डलायुक्त ने कहा कि एक संतुलित और स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए, सभ्यता के साथ–साथ संस्कृति को भी आगे बढ़ाने की आवश्यकता होती है। उन्होने कहा कि पुरुष मशीनें बनाते हैं, लेकिन मानवता का जन्म महिलाओं के माध्यम से होता है। पुरुष आजीविका के नए साधन जुटाते हैं, लेकिन जीवन का जन्म, पोषण और विकास महिलाओं के माध्यम से होता है। उन्होने कहा कि स्थिरता और गतिशीलता के बीच संतुलन होना चाहिए। मण्डलायुक्त ने व्यक्ति और समाज दोनों के लिए एक आदर्श के रूप में अर्धनारेश्वर (आधी स्त्री, आधी पुरुष) के आदर्श का भी उल्लेख किया। उन्होने कहा कि पुरुषों को आत्म–निरीक्षण करने की आवश्यकता है। उन्होने कहा कि एक स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक और नैतिक सभी क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं दोनों की समान भागीदारी आवश्यक है।पुलिस उप महानिरीक्षक ने महिला सशक्तिकरण दृष्टिगत कहा कि महिला कोमल है, पर कमजोर नहीं, वह सशक्त नारी है एवं शक्ति का अवतार है। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम शुभारम्भ मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा नवरात्रि के प्रथम दिन पर किया गया है। यह कार्यक्रम नारियों को स्वावलम्बन, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत 15 सरकारी विभाग (पुलिस सहित) गाँवों, कस्बों और बाजारों में जाकर जनता को शिक्षित करना, ग्रामों में चौपाल लगाना और दुर्गा पूजा और रामलीला जैसे धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक कर रही हैं एवं लाभान्वित भी किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी की एक अच्छी पहल है। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति कार्यक्रम की स्थापना महिलाओं को सशक्त बनाकर उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश और सर्वोत्तम प्रदेश बनाने के लक्ष्य के साथ की गई थी। कार्यक्रम के चार चरण पूरे हो चुके हैं और पाँचवाँ चरण 22 सितंबर को शुरू हुआ है। यह कार्यक्रम कई विभागों की भागीदारी वाले एक बड़े, जिला–व्यापी प्रयास का हिस्सा है। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति का प्राथमिक उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बनाना हैं। उन्होंने कहा कि कलाकारों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से महिलाओं और बच्चों से संबंधित विभिन्न कानूनों, जैसे बाल विवाह निषेध अधिनियम, दहेज अधिनियम, बाल श्रम अधिनियम, घरेलू हिंसा अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न अधिनियम आदि के विषय में विस्तार से बताया गया। उन्होने विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (जैसे, महिला हेल्पलाइन के लिए 1076, 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन के लिए 1098, 102, 108, 112, 181) आदि के बारे में बताया।जिलाधिकारी ने कहा कि एक महिला का पूरा जीवन, जन्म से लेकर उसके अंतिम सांस तक विभिन्न सरकारी योजनाओं द्वारा कवर किया गया है। जिसके अन्तर्गत महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अन्तर्गत गर्भवती महिलाओं को किश्तों में रू0 5,000 प्रदान करती है। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत संस्थागत प्रसव के लिए रू0 1,400 प्रदान की जाती है। कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत आर्थिक सहायता के रूप में रू0 25000 प्रदान की जाती है, यह राशि 6 चरणों में दी जाती है, जो लड़की के जन्म से लेकर उसकी उच्च शिक्षा तक विभिन्न पड़ावों पर वितरित की जाती है। यह योजना उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित है और इसका उद्देश्य बालिकाओं को सशक्त बनाना है। उन्होने कहा कि महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, शिक्षा का अधिकार, रानी लक्ष्मी बाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान जैसी रोजगार योजनाएँ भी उपलब्ध हैं। विधवाओं के लिए निराश्रित महिला पेंशन, उत्पीड़न के मामलों में वन स्टॉप सेंटर और रानी लक्ष्मी बाई कोष के माध्यम से 10 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता का प्रावधान है।जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति का अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं और प्रावधानों का लाभ मिले। उन्होंने उपस्थित लोगों, विशेषकर महिलाओं से, जिले के लगभग 25 लाख लोगों तक यह संदेश पहुँचाने की अपील की, ताकि सभी महिलाएँ सशक्त और आत्मनिर्भर बन सकें। राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ0 प्रिंयका मौर्य ने कहा कि नारी को हम अलग–अलग रूपों में पूजते हैं। उन्होने महिलाओं से कहा कि अगर आप निष्ठा भाव से कोई भी कार्य करती हैं, तो आप किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं। उन्होने कहा कि मिशन शक्ति का यह कार्यक्रम एक आंदोलन का रूप ले चुका है, क्योंकि उत्तर प्रदेश सरकार नारियों के सम्मान, स्वावलंबन के लिए कार्य कर रही है, ताकि हर नारी शिक्षा ग्रहण कर सके एवं अपने अधिकार को प्राप्त कर सके तथा किसी भी क्षेत्र में अपना नाम ऊंचा कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा रास्ता है, जिसके माध्यम से आप आगे बढ़ सकती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिए विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं, इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है, किसी भी परेशानी में महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर संपर्क करें।इस अवसर पर मण्डलायुक्त, डीआईजी, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली उप निरीक्षक सानिया गुप्ता, प्रियंका तिवारी एवं महिला आरक्षी शिखा सिंह, पूजा पासवान, दिव्या शुक्ला एवं शबाना बानो को प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही ग्राम विकास विभाग के अन्तर्गत सुनीता गौरडीहखालसा, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर स्वयं सहायता समूह, रेखा गिरधरपुर, शिवगुरू स्वयं सहायता समूह एवं उषा बेलनाडीह, रविदास स्वयं सहायता समूह को सीआईएसएफ की धनराशि रू0 05 करोड़ 31 लाख का डेमो चेक वितरित किया गया। जनन सुरक्षा योजना में आंचल को रू0 1000, स्वाती को रू0 1400 एवं सिमरन को रू0 1000, महिला क्षय रोगियों में रेनू सरोज, पलक एवं पायल को पोषण पोटली का वितरण, सीएम युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत रेखा पटेल को सोलर पैनल द्वारा आटा चक्की के व्यवसाय हेतु रू0 5 लाख, शशिकला राजभर को क्लाउड किचन व्यवसाय हेतु रू0 3,22,223 एवं सरिता सिंह को ब्यूटी पार्लर व्यवसाय हेतु रू0 5 लाख का डेमो चेक, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत प्रियल जायसवाल, सिद्धी गोंड़ एवं श्वेता को रू0 3–3 हजार का डेमो चेक, निराश्रित महिला पेंशन के अन्तर्गत रमावती देवी, अनीता राजभर एवं राजकुमारी को रू0 3–3 हजार का डेमो चेक, छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत कु0 शिल्पा एवं रूचि गुप्ता जीजीआईसी आजमगढ़ को छात्रवृत्ति स्वीकृत प्रमाण पत्र, दिव्यांग पेंशन योजनान्तर्गत श्रीमती खुशबू, श्रीमती पुष्पा वर्मा एवं श्रीमती कौशल्या को रू0 3–3 हजार का डेमा चेक, श्रम विभाग के अन्तर्गत जियनी देवी, सितमी एवं गीता देवी को कन्या विवाह सहायता योजना के तहत रू0 55–55 हजार को डेमो चेक, प्रधानमंत्री मातृ वन्दा योजना के अन्तर्गत लाजो को रू0 5 हजार, इरफाना को रू0 6 हजार एवं अनीता को रू0 6 हजार का डेमो चेक वितरित किया गया।इसके साथ ही कु0 आस्था पुत्र श्रीमती ज्योति यादव, तेजस पुत्र श्रीमती बबली एवं अंशिका पुत्र श्रीमती सोनम का अन्नप्राशन कराया गया तथा श्रीमती रागिनी सिंह, श्रीमती चन्द्रकला यादव, श्रीमती खुशबू सोनकर की गोदभराई भी की गयी।

7 वर्षीय बच्चे के अपहरण व हत्या के आरोप में तीन आरोपी गिरफ्तार

आजमगढ़(आर एन एस)सिधारी थाना अंतर्गत साहेबे आलम पुत्र सरफराज अहमद निवासी रामलीला मैदान थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ द्वारा थाने पर सूचना दी गयी कि वादी का 07 वर्षीय लड़का शाम समय लगभग 05.00 बजे से लापता है, जिसकी काफी खोजबीन की गयी लेकिन कोई पता नहीं चल पा रहा है, प्रकरण को पुलिस द्वारा संज्ञान में लेकर तत्काल थाना सिधारी पर मु0अ0सं0 437ध्25 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया और लड़के की तलाश की जा रही थी। दिनांक–25.09.2025 की सुबह परिजनों द्वारा फिरौती माँगने की सूचना दी गयी, कुछ देर बाद डेड बॉडी पड़ोस के घर पर मिलने की सूचना प्राप्त हुई। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी हाउस आजमगढ़ भेजवाया गया । घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा त्वरित संज्ञान लेते हुए घटना के शीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटना स्थल से साक्ष्य संकलन, तकनीकी जानकारी के माध्यम से अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे थे।दोपहर में परिजनों ने दो अभियुक्तों शैलेन्द्र कुमार निगम उर्फ मन्टू पुत्र राजू निगम व राजा निगम पुत्र राजू निगम निवासी सिधारी थाना सिधारी आजमगढ़ को नामजद करते हुए बताया कि हार्डवेयर की दुकान की पुरानी रंजिश, पुराने विवाद व व्यवसायिक रंजिश की वजह से दोनो लोगो ने अपने परिवार के साथ मिलकर हत्या किये जाने बात बताई। दिनांक 25.09.2025 को प्रभारी निरीक्षक सिधारी व प्रभारी निरीक्षक मुबारकपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना सिधारी क्षेत्रान्तर्गत इटौरा से आगे डेन्टल कालेज के बगल से जाने वाले सड़के मार्ग जो खेमऊपुर पुलिस मुठभेड़ में मुकदमा उपरोक्त से संबंधित 02 अभियुक्त 1.शैलेन्द्र कुमार निगम उर्फ मन्टू पुत्र राजू निगम निवासी सिधारी थाना सिधारी आजमगढ़ 2.राजा निगम पुत्र राजू निगम गिरफ्तार किया गया।

आज शुक्रवार को उ0नि0 मो0 जावेद सिद्दीकी मय हमराह द्वारा बैठौली तिराहे से अभियुक्तध्अभियुक्ता 1. राजू प्रसाद निगम पुत्र स्व0 शिवनाथ, 2. उर्मिला देवी पत्नी राजू प्रसाद निगम, 3. रिंकी निगम पुत्री राजू प्रसाद निगम निवासी रामलीला मैदान सिधारी थाना सिधारी आजमगढ़ व एक किशोरी अपचारी को समय 16.00 बजे पकड़ा गया । अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है।

स्वदेशी वस्तुओं का ज्यादा उपयोग देश हित में - अशोक सिंह

आजमगढ़ (आर एन एस) कोयलसा ब्लॉक सभागार में भारतीय जनता पार्टी लालगंज द्वारा आयोजित आत्मनिर्भर भारत अभियान किए जिला कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में अशोक सिंह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा उपस्थित रहे पूरे देश में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा भारत आज आत्मनिर्भर भी है और समर्थवान भी अगर भारत के इस स्थिति को बनाए रखना है तो हमें स्वदेशी वस्तु का उपयोग करना ही होगा विदेशी वस्तुओ का ज्यादा उपयोग देश की अर्थव्यवस्था के लिए उचित नहीं है सकार्यक्रम की अध्यक्षता लालगंज भाजपा जिलाध्यक्ष विनोद राजभर एवं संचालन महामंत्री हरीश तिवारी ने ने किया इस अवसर पर हनुमंत सिंह, अभिषेक सिंह,पंकज राय, अजय यादव, दिलीप, राजवीर, सुनील सिंह, चंदजीत, सहित जिला पदधिकारी एवं मण्डल अध्यक्षगण उपस्थित रहे,

चार भेड़ चोरो को पुलिस ने दबोचा, 12 भेड़े बरामद

चित्रकूट। अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना भरतकूप पुलिस टीम ने भेड़ चोरी के चार आरोपियों को चोरी की 12 भेड़ों सहित घटना में प्रयुक्त कार, तमंचा, कारतूस व तीन मोबाइल फोन के साथ गिरतार किया गया।अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने बताया कि बांदा जिले के बिसंडा थाना क्षेत्र के सिंहपुर परसेटा निवासी दयाशंकर ने भरतकूप थाना में सूचना दी कि वह अपनी भेड़े लेकर रौली कल्याणपुर चराने आया था। पतौडा मंडी क्रासिंग के पास रात में सो रहा था। तभी चोरों ने 12 भेड़े वुरा लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की।

डीआईजी सुनील कुमार सिंह व एसपी अनिल कुमार ने तत्परता से किया घटनास्थल का निरीक्षण

आजमगढ़ (आर एन एस) ।देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज बाजार स्थित बाइपास पर बने न्यू वेलकम फैमिली रेस्टोरेंट में शुक्रवार की दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब पिता ने अपनी बेटी और उसके मित्र को गोली मार दी गई। आनन–फानन में दोनों को अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर वाराणसी रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी सुनील कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय पुलिस टीम को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए और जांच को गति देने के निर्देश दिए।एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह भी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि घायल युवक की पहचान आदित्य सिंह (20 वर्ष), पुत्र जीतबहादुर सिंह, निवासी मसीरपुर (देवगांव) और किशोरी की पहचान अक्षरा सिंह (15 वर्ष), पुत्री नीरज कुमार सिंह, निवासी पकड़ी खुर्द (देवगांव) के रूप में हुई है। दोनों घर से स्कूल जाने के लिए निकले थे और दोपहर लगभग 1 बजे रेस्टोरेंट में बैठे हुए थे, तभी वारदात को अंजाम दिया गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहले आरोपी ने किशोरी को गोली मारी और फिर भागते हुए युवक को सड़क पर दौड़ाकर गोली मार दी। डॉक्टरों के मुताबिक किशोरी को गोली चेहरे में और युवक को गर्दन में लगी है।डीआईजी सुनील कुमार सिंह व एसपी अनिल कुमार ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण कर पुलिस की सक्रियता और सतर्कता को बढ़ाया। वरिष्ठ अधिकारियों की तत्परता और गंभीरता से यह साफ झलक रहा था कि पुलिस घटना के हर पहलू की तहकीकात कर रही है और जल्द ही सच्चाई सामने लाई जाएगी।एसपी सिटी मधुवन कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है, लेकिन पुलिस अपने स्तर से जांच कर रही है और दोषी किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

कलात्मक अभिव्यक्तिके रूप में रंगोली,मेहंदी,पेंटिंग,पोस्टर एवं प्रदर्शनी का आयोजन

आजमगढ़ (आरएनएस) श्री कृष्ण गीता राष्ट्रीय महाविद्यालय लालगंज आजमगढ़ के वार्षिक उत्सव के चतुर्थ दिवस के अवसर पर छात्राओं में कलात्मक एवं सृजनात्मक क्षमता की अभिवृद्धि करने के लिए रंगोली,पेंटिंग,मेहंदी, पोस्टर एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। छात्राओं ने इन सभी कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। रंगोली प्रतियोगिता में छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से बालिकाओं पर हो रहे अत्याचार को उकेरा । बी ए तृतीय वर्ष की छात्र आंसू सोनी ने प्रदर्शनी में जल शोधन की प्रक्रिया को दिखाया। आज के कार्यक्रम के संयोजक के रूप में डॉ लक्ष्मीवंदना विश्वकर्मा , दुर्गावती सिंह एवं निर्णायक मंडल में डॉ सीमा सिंह, डॉ दीपमाला मिश्रा, डॉ संगीता वर्मा एवं प्रतिमा दुबे ने अपने दायित्व का निर्वहन किया।प्राचार्य प्रोफेसर ऋषिकेश सिंह ,डॉक्टर अतुल कुमार यादव,श्री सर्वेश कुमार, श्री योगेश सिंह, श्री आशीष सिंह ने आज के कार्यक्रम का निरीक्षण कर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

अतरौलिया। संकल्प मानव सेवा संस्था को तीसरी बार वर्ल्ड बुक अश्फ रिकॉर्ड, इंग्लैंड द्वारा मनीष कुमार सोनी और सूरज गुप्ता को मिला सम्मान

आजमगढ़ (आर एन एस) जनपद के दो युवाओं ने समाजसेवा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए जिले का मान बढ़ाया है। वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंग्लैंड द्वारा अतरौलिया निवासी संकल्प मानव सेवा संस्था के अध्यक्ष मनीष कुमार सोनी एवं प्रबंधक सूरज गुप्ता को डिस्ट्रिक्ट यंग कम्युनिटी चौंपियन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।यह सम्मान हरियाणा के करनाल में आयोजित निफा संस्था के रजत जयंती समारोह में 23 सितम्बर 2025 को हरियाणा विधानसभा के स्पीकर हरविंदर कल्याण की उपस्थिति में निफा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू ने प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) का यह सिल्वर जुबली कार्यक्रम 21 से 24 सितम्बर तक दिल्ली भारत मंडपम और करनाल (हरियाणा) में भव्य रूप से आयोजित हुआ, जिसमें देशभर के लगभग 3000 समाजसेवी शामिल हुए। इस अवसर पर हर जिले से एक महिला और एक पुरुष को डिस्ट्रिक्ट यंग कम्युनिटी चौंपियन अवॉर्ड दिया गया। संस्था की ओर से दोनों युवाओं को मोमेंटो व वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंग्लैंड द्वारा जारी सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। सम्मान पाकर लौटे मनीष कुमार सोनी ने बताया कि यह उपलब्धि समस्त जनपदवासियों को समर्पित है।इस उपलब्धि पर पूरे जनपद में खुशी की लहर है और लोग दोनों युवाओं को बधाई दे रहे हैं।

बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पांच बाल श्रमिकों को कराया मुक्त

आजमगढ़ (आरएनएस) निदेशक, मुख्यालय महिला एंव बाल सुरक्षा संगठन, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में बाल श्रम, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम एवं बन्धुआ मजदूर से लोगों को मुक्त कराने के अभियान के अन्तर्गत श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ के कुशल निर्देशन में एवं नोडल अधिकारी थाना ए.एच.टी. अपर पुलिस अधीक्षक यातायात महोदय के पर्यवेक्षण में थाना एन्टी ह्यूमन ट्रैफकिंग व श्रम विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जनपद आजमगढ़ के थाना क्षेत्र सरायमीर के विभिन्न प्रतिष्ठानों, मिठाई की दुकानों, ढ़ाबोंध्रेस्टोरेंट ऑटो मोबाइल की दुकानों, गैराजों पर सघन चेकिंग किया गया । उक्त अभियान के दौरान कुल 05 बाल श्रमिकों को कार्य करते हुए पाया गया । मौके पर कार्य कर रहे बाल श्रमिकों को उनके परिजनों को बुलवाकर चेतावनी देते हुए उनकी सुपुर्दगी में दिया गया तथा हिदायत दी गयी कि बच्चों से भविष्य मे बालश्रम न करायें तथा सम्बन्धित प्रतिष्ठानों के सेवायोजकों के विरुद्ध अधिनियम का उल्लंघन करने के संबंध में श्रमविभाग द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी की गई ।

जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली तैयार किये जाने हेतु आयोजित की गयी बैठक

आजमगढ़(आर एन एस) जिलाधिकारीधजिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली तैयार किये जाने हेतु मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।जिलाधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किया गया पुनरीक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत 30 सितम्बर 2025 (मंगलवार) को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31 (3) के अन्तर्गत सार्वजनिक नोटिस जारी किया जायेगा। 15 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31 (4) के अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनर्प्रकाशन किया जायेगा। 25 अक्टूबर 2025 (शनिवार) को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 31 (4) के अन्तर्गत समाचार पत्रों में नोटिस का द्वितीय पुनर्प्रकाशन किया जायेगा। 06 नवम्बर 2025 (गुरूवार) को फार्म 18 या 19 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि, जैसी स्थिति हो, निर्धारित है। 20 नवम्बर 2025 (गुरूवार) तक पांडुलिपियों की तैयारी और आलेख्य निर्वाचक नामावलियों का मुद्रण किया जाना है। 25 नवम्बर 2025 (मंगलवार) को निर्वाचक नामावलियों का आलेख्य प्रकाशन किया जायेगा। 25 नवम्बर 2025 (मंगलवार) से 10 दिसम्बर 2025 (बुधवार) तक दावे और आपत्तियां दाखिल करने की अवधि (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के नियम 12 के अन्तर्गत) निर्धारित है। तक दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा और अनुपूरक सूची तैयार और मुद्रित की जायेगी। 30 दिसम्बर 2025 (मंगलवार) को निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 17 जनपद सम्मिलित है। उन्होने कहा कि गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग आफिसर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मण्डलायुक्त गोरखपुर आयोग से अधिसूचित है। उन्होने बताया कि गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग आफिसरधसहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सभी संबंधित जिलों के जिला निर्वाचन अधिकारी होते है।जिलाधिकारी ने बताया कि खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मतदेय स्थल से मतदाताओं के लिए अधिकतम दूरी 16 किमी निर्धारित है। वर्ष 2020 में सम्पन्न हुए गोरखपुर–फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जनपद में कुल 23 मतदेय स्थल निर्धारित थे, जिसमें 20 मतदेय स्थल (पल्हना एवं अजमतगढ़ छोड़कर) शेष ब्लॉक कार्यालयों में 02 मतदेय स्थल सगड़ी एवं सदर तहसील कार्यालय में तथा एक मतदेय स्थल शिब्ली डिग्री कालेज आजमगढ़ है, जिसमे मतदान हेतु उपयुक्त कक्ष एवं रैम्प आदि की सुविधा उपलब्ध है। उन्होने बताया कि गत निर्वाचन के अनुसार प्रश्नगत निर्वाचन हेतु भी उन्ही 23 स्थलों पर मतदेय स्थल स्थापित कराये जाने का प्रस्ताव है।जिलाधिकारी ने बताया कि शिक्षक निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने हेतु निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दिनांक 30 सितम्बर 2025 को सूचना जारी की जायेगी, जिसे जनपद के सभी तहसील, ब्लॉक, नगर पंचायत कार्यालय में प्रकाशित किया जायेगा। वर्ष 2020 में सम्पन्न हुए शिक्षक निर्वाचन में जनपद में मतदाताओं की कुल संख्या–4952 थी। उन्होने कहा कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली प्रत्येक निर्वाचन वर्ष में नये सिरे से बनायी जाती है। शिक्षक निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित किये जाने हेतु फार्म–19 पर आवेदन करना होता है। उन्होने कहा कि शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में नाम सम्मिलित किये जाने में उपयोग किया जाने वाला फार्म–19 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीध्मण्डलायुक्त कार्यालय गोरखपुर से प्राप्त होने पर उपलब्ध कराया जायेगा।जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली में नाम सम्मिलित कराये जाने हेतु अर्हत्ता तिथि 01 नवम्बर है। अर्हता तिथि से ठीक पहले 6 वर्ष के भीतर कम से कम 3 वर्ष की कुल अवधि के लिए शिक्षण संस्थानों में अध्यापन का कार्य किया हो, जो माध्यमिक स्तर से कम के न हो। माध्यमिक वित्त विहीन विद्यालयों के ऐसे शिक्षकों के नाम भी निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किये जायेंगे, जो अपना नाम नामावली में नामांकित कराने के इच्छुक हों, बशर्ते जिला विद्यालय निरीक्षक से इस आशय का प्रमाण–पत्र लिया गया होध्प्रति हस्ताक्षरित किया गया हो, कि वे सेवा की अपेक्षित कालावधि पूर्ण करते हो और विर्निदिष्ट शिक्षा संस्थान में वास्तविक शिक्षकध्शिक्षिका है

कथावाचक की स्कार्पियो के परखच्चे उड़े

भाई की हालत गंभीर, पत्नी भी जख्मी, दूसरी गाड़ी में सवार बीमार बेटे की मौत

प्रयागराज। फाफामऊ थाना क्षेत्र में कथावाचक देवव्रत महाराज की स्कॉर्पियो फाफामऊ में दुर्घटना ग्रस्त हो गई इसमें उनके भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गए जबकि पत्नी को भी चोट पहुंची। उधर दूसरी गाड़ी में सवार उनके 9 साल के बीमार बेटे की समय से अस्पताल न पहुंच पाने से मौत हो गयी।यह हादसा प्रयागराज के फाफामऊ थाना क्षेत्र अंतर्गत मलाक हरहर चौराहे पर हुआ।प्राप्त जानकारी के अनुसार आचार्य देवव्रत महाराज उस समय होलागढ़ क्षेत्र में एक धार्मिक कथा कार्यक्रम में व्यस्त थे। इसी बीच उनके नौ वर्षीय पुत्र की तबीयत अचानक बिगड़ गई। बच्चे की बिगड़ती हालत को देखते हुए परिवारजन दो अलग–अलग गाड़ियों में उसे लेकर तत्काल शहर के किसी बड़े अस्पताल की ओर रवाना हुए। बताया जा रहा है कि आगे चल रही गाड़ी में कथावाचक के पुत्र को लेकर परिवार के सदस्य मौजूद थे, जबकि पीछे आ रही दूसरी गाड़ी में देवव्रत जी महाराज के छोटे भाई शिवम शुक्ला और अन्य परिजन सवार थे। इसी दौरान मलाक हरहर चौराहे पर बने गोल सर्कल के पास पीछे चल रही गाड़ी का अचानक स्टीयरिंग व्हील जाम हो गया। गाड़ी अनियंत्रित होकर सीधे गोल सर्कल से जा टकराई, जिससे वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना में सबसे अधिक चोटें कथावाचक के छोटे भाई शिवम शुक्ला को आई हैं, जिन्हें गंभीर स्थिति में तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों के अनुसार उनके सिर में गहरी चोटें आई हैं और उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। देवव्रत जी की पत्नी को भी चोटें आई हैं, लेकिन उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। हादसे के दौरान बच्चे की हालत अत्यंत नाजुक थी और उसे बचाया नहीं जा सका। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने मृत्यु घोषित कर दिया।

मनमोहन सिंह को भारत रत्न प्रदान हो- कांग्रेस

प्रयागराज। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री एवं महान अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह की 93वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पार्टी कार्यालय जवाहर स्क्वायर पर शुक्रवार अपराह्न शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया। कहा गया कि उच्च शिक्षा प्राप्त डॉ.सिंह आर्थिक सुधारों के प्रणेता थे। 2004 से 2014 के प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान डा.सिंह ने वैश्विक आर्थिक संकट से देश को उबारा था। एक प्रस्ताव के जरिए अध्यक्ष हाशमी ने राष्ट्रपति को पत्र भेज डा.सिंह को भारत रत्न प्रदान किये जाने की मांग की। पाकिस्तान में 1932 में जन्में डा.सिहं का प्रारंभिक जीवन गरीबी में बीता। वे 18 मील पैदल चल कर स्कूल जाते थे। कैंब्रिज यूनिवर्सिटी से पीएचडी व आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से डीफिल किया जहां उन पर रिसर्च होता है। योजना आयोग, यूजीसी तथा रिजर्व बैंक के चेयरमैन होने के साथ नरसिंहराव सरकार में वित्त मंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों पर भी रहे। पीएम रहते डा. सिंह ने आर्थिक सुधारों के साथ देश के लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत किया। वह एक मात्र ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनके दस्तखत भारतीय नोटों पर होते थे। हिंदी, गुरुमुखी, उर्दू व अंग्रेजी के अलावा कई भाषाओं के ज्ञाता भी थे। प्रारंभ में कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर तैल चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय, कोऑर्डिनेटर हरिकेश त्रिपाठी, तस्लीमुद्दीन, मानस शुक्ला, जियाउबैद, सुष्मिता यादव, परवेज सिद्दीकी, अनूप त्रिपाठी, अफरोज अहमद, अरशद अली,सरताज मोहम्मद, राममनोरथ सरोज, हसीब अहमद, इश्तियाक अहमद, सचिन कुशवाहा, शाहनवाज कुरैशी, राकेश पटेल, नसीम अहमद, प्रतिमा त्रिपाठी, रिजवाना बेगम, राजकुमार शुक्ला, मुख्तार अहमद, कामेश्वर सोनकर, केशव पासी, मो. जावेद, सतीश श्रीवास्तव, नाज खान, विशाल सोनकर, अजय श्रीवास्तव, गीता भारतीय आदि थे।

जल संचय विकास की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण- डा. राम बाबू तिवारी

प्रयागराज। नेहरू ग्राम भारती मा० विश्वविद्यालय, प्रयागराज के हनुमानगंज परिसर में विधि संकाय की व्याख्यानमाला श्रृंखला के अंतर्गत शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में एक "जल संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ० राम बाबू तिवारी (जल प्रहरी एवं भारत सरकार द्वारा वाटर हीरोज सम्मान प्राप्त) रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में तालाबों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि यह न केवल पर्यावरणीय संतुलन के लिए आवश्यक है बल्कि सतत् विकास की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जलवायु परिवर्तन एवं जल संकट जैसी चुनौतियों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और सभी से मिलकर इनके समाधान हेतु प्रयास करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ० हिमांशु टंडन (निदेशक, आइक्यूएसी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे विश्वविद्यालय की प्राथमिकता यह है कि हम वास्तविक नायकों से आपकी मुलाकात कराएं ताकि आपके अंदर भी देश और राष्ट्र के संसाधन के प्रति चेतना जागृत हो सके। विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ० स्वप्निल त्रिपाठी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा छात्र–छात्राओं ने अतिथियों को अंगवस्त्रम भेंट कर अभिनंदन किया। सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ० सुनील मौर्य (विभागाध्यक्ष) ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ० श्रवण मिश्रा (सहायक आचार्य) द्वारा किया गया। इस विशिष्ट व्याख्यानमाला कार्यक्रम में भारी संख्या में विधि के छात्र छात्राओं की उपस्थिति के साथ नीतेश पांडेय, डॉ० दिलीप कुमार, डॉ० सुनील मिश्रा, श्री अमित पांडेय, डॉ० श्रीप्रकाश यादव , डॉ० रमेश चंद्र, श्री सौरभ तिवारी (परिसर प्रभारी), एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।

प्रेमी के साथ मिलकर प्रेमिका ने घर में की लूट

ट्रांसपोर्टर की पत्नी ने 18 लाख के गहने लूटे, 20 साल के प्रेमी के साथ गिरफ्तार

प्रयागराज। फूलपुर थाना क्षेत्र में बीती 21 सितंबर की रात 18 लाख की हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। लूट की सूचना देने वाली ट्रांसपोर्टर की पत्नी ने अपने 20 साल छोटे प्रेमी के साथ मिलकर ही यह पूरा ड्रामा रचा था। गहने घर में ही छिपा दिए और फिर पुलिस को झूठी सूचना देकर गुमराह किया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने बताया कि महिला ने लूट की झूठी कहानी रचने से पहले 16 तोला गहना घर में ही बक्से में छिपा दिए थे। पुलिस ने गहने बरामद कर लिए। घटना फूलपुर थाने के वीरकाजी गांव की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरकाजी गांव निवासी मोहम्मद शाहिद ट्रांसपोर्टर हैं। वह कानपुर में रहते हैं। उनकी पत्नी आफरीन गांव में दो बेटियों (13 और 7 वर्ष) संग रहती है। 21 सितंबर की रात आफरीन ने पुलिस को सूचना दी थी कि घर में नकाबपोश घुस आए, चाकू की नोंक पर बेटियों को धमकाया और 18 लाख के गहने व 6 हजार रुपए लूट ले गए।पुलिस को सूचना मिली कि दो नकाबपोश बदमाशों ने चाकू की नोक पर घरवालों को बंधक बनाकर लाखों की ज्वैलरी लूट ली। पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई थी और मुकदमा दर्ज कर उसने जांच भी शुरू कर दिया था। पुलिस ने जैसे–जैसे सर्विलांस फुटेज और अन्य माध्यमों से पड़ताल की गई रहस्य धीरे–धीरे सामने आने लगा। जांच में पता चला कि यह पूरी लूट की वारदात फर्जी थी, चौंकाने वाली बात यह थी कि शिकायतकर्ता आफरीन फातिमा ही लूट की मास्टरमाइंड निकली। उसने अपने प्रेमी शाहनवाज के साथ मिलकर यह झूठी कहानी रची थी। घर में जबरन घुसने के कोई सबूत नहीं मिले, आफरीन को कोई चोट भी नहीं थी।

स्कूलों में जाकर सत्र परीक्षा का फीडबैक लेंगे अफसर

प्रयागराज। परिषदीय स्कूलों में अगस्त में आयोजित सत्र परीक्षा में छात्र–छात्राओं के अधिगम स्तर की प्रगति के विश्लेषण तथा फीडबैक प्राप्त करने के लिए खंड शिक्षाधिकारी दस प्रतिशत स्कूलों का भ्रमण करेंगे।

बीएसए देवव्रत सिंह ने सभी बीईओ को निर्देशित किया है कि सत्र परीक्षा के बाद प्राप्त परिणामों एवं चुनौतियों के आधार पर छात्र–छात्राओं में अपेक्षित स्तर की अधिगम सम्प्राप्ति के लिए सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शिक्षकों एवं मेंटर्स से फीडबैक प्राप्त किया जाए। जिन बिन्दुओं पर फीडबैक लिया जाएगा उसमें आगामी सत्र परीक्षा में सुधार के लिए सुझाव, सत्र परीक्षा का आयोजन किस प्रकार किया गया, यूनिट टेस्ट के अनुसार छात्र–छात्राओं का अधिगम स्तर कैसा है, शिक्षक संदर्शिकाओं, प्रिंटरिच सामग्री एवं गणित किट आदि का नियमित उपयोग किया जा रहा है या नहीं, छात्र– छात्राएं कार्य पुस्तिकाओं पर नियमित अभ्यास कर रहे हैं अथवा नहीं और इसका आकलन किस प्रकार किया जा रहा है, निपुण तालिका का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है या नहीं।अधिगम स्तर के अनुरूप संघर्षशील छात्र–छात्राओं का रेमेडियल शिक्षण कराया जा रहा है या नहीं, शिक्षक संदर्शिकाओं के उपयोग में आ रही कठिनाईयों या अपेक्षित सुधार के लिए सुझाव, विद्यालय लाइब्रेरी में उपलब्ध किताबों का छात्र–छात्राएं उपयोग कर रहे हैं या नहीं, बच्चों में रीडिंग हैबिट्स को बढ़ावा देने के लिए सुझाव भी लेना है। बीईओ अपनी रिपोर्ट बीएसए को 28 सितम्बर तक उपलब्ध कराएंगे।

देवो ने प्रयागराज में किया नए स्टोर का भव्य लांच

प्रयागराज। देवो सियाराम्स की एक पहल ने अपने नए स्टोर के साथ प्रयागराज में शानदार एंट्री की है। यह स्टोर श्री राम कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स, प्रयागराज में स्थित है। यह ब्रांड पुरुषों के विशेष अवसरों के परिधानों में न केवल विशेषज्ञता रखता है, बल्कि सियाराम्स की समृद्ध विरासत से गहराई से जुड़ा हुआ है। देवो ने खुद को आधुनिक भारतीय पुरुषों के लिए एक ऐसे ब्रांड के तौर पर स्थापित किया है, जो स्टाइलिश होने के साथ–साथ परंपराओं के प्रति अपनी गहरी समझ और सम्मान को भी बनाए रखता है।भव्य उद्घाटन समारोह की शुरुआत प्रयागराज के मेयर और मुख्य अतिथि गणेश केसारवानी तथा सियाराम्स के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर गौरव पोद्दार की सम्मानित उपस्थिति में हुई। दोनों ने मिलकर पारंपरिक रिबन काटा और दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मण्डल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद बस्ती बना ओवरआल चैंपियन

बस्ती। मण्डल स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शुक्रवार को कप्तानगंज विकासखण्ड के औद्योगिक विकास इंटर कॉलेज बिहार के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महामंत्री अनिरुद्ध त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि संघ के उपाध्यक्ष मारकंडेय सिंह व आयोजक विद्यालय के प्रबंधक हरिश्चंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित करके किया। आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश रंजन सिंह की अगुवाई में अतिथियों का स्वागत किया गया। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेलकूद मानसिक और शारीरिक दोनों तरह के व्यायाम प्रदान करता है। शारीरिक रूप से खेल हड्डियों, मांसपेशियों और हृदय को मजबूत करते हैं जबकि मानसिक रूप से खेल तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने के साथ ही आत्मविश्वास बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता में मंडल के तीनों जिले बस्ती, सिद्धार्थनगर, संकाबीरनगर की कुल 18 टीमों ने प्रतिभाग किया। तीनों जिलों से सीनियर, जूनियर, सब जूनियर टीम के खिलाड़ियों ने बालक और बालिका अलग–अलग वर्गों में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सीनियर बालक वर्ग में सिद्धार्थनगर प्रथम, बस्ती द्वितीय, संतकबीरनगर तृतीय तथा सीनियर बालिका वर्ग में बस्ती प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय, संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर बालक वर्ग में सिद्धार्थनगर प्रथम, बस्ती द्वितीय संतकबीरनगर तृतीय तथा जूनियर बालिका वर्ग में बस्ती प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय तथा संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहा। सब जूनियर बालक वर्ग में बस्ती प्रथम, सिद्धार्थनगर द्वितीय, संतकबीरनगर तृतीय तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में बस्ती प्रथम, सिद्धार्थ नगर द्वितीय, संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहा। ओवरऑल बस्ती जनपद चौम्पियन बना। सिद्धार्थनगर द्वितीय तथा जनपद संतकबीरनगर तृतीय स्थान पर रहा। खिलाड़ियोंको ट्रॉफी से सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया गया। चयनकर्ता की भूमिका में अमित यादव, माता प्रसाद त्रिपाठी, प्रभाकर रंजन ओझा, जोखू प्रसाद, दौलत बाबू रहे। पात्रता तथा परिणाम की भूमिका में श्रवण कुमार, विवेक श्रीवास्तव, और अजय कुमार वर्मा रहे। रेफरी की भूमिका में रमेश गुप्ता, अमरनाथ मौर्या, जगन्नाथ यादव, शैलेंद्र, अखिलेश, मनोज राय, दौलत बाबू, चंद्रभान मौर्य, वेद प्रकाश, सुरेंद्र शुक्ल, विनोद चौरसिया, करीम, नागेन्द्र आदि रहे।

पूनम गुप्ता बनीं जिला महिला व्यापार मंडल की उपाध्यक्ष

प्रयागराज। जिला महिला व्यापार मंडल की कार्यकारी टीम द्वारा सर्वसम्मति से श्रीमती पूनम गुप्ता को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी क्रम में श्रीमती वंदना त्रिपाठी को संगठन का कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती अवंतिका टंडन, महासचिव श्रीमती पल्लवी अरोड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती हिना खान, पूर्व कोषाध्यक्ष श्रीमती पूनम गुप्ता, विधि सलाहकार श्रीमती विषु मिश्रा, रंजना मिश्रा, लता उपाध्याय, जया, अंजू, शिव, वैशाली, प्रिय, निशि ने उनकी भूरि–भूरि प्रशंसा करते हुए हार्दिक बधाई प्रेषित की।

डांडिया पर थिरकीं अग्रवाल समाज की महिलाएं

अग्रवाल महिला मंडल के डांडिया आयोजन में उमड़ा जोश और उत्साह

प्रयागराज। श्री अग्रसेन अग्रवाल समाज, प्रयागराज की महिला शाखा द्वारा डांडिया का भव्य आयोजन जीरो रोड स्थित होटल नवीन कॉन्टिनेंटल में सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में महिला मंडल की कुल 72 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ महाराजा अग्रसेन जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत हाउसी और डांडिया रात्रि का महिलाओं ने भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पियूष रंजन अग्रवाल की उपस्थिति रही। साथ ही महिला मंडल की अध्यक्ष मोना अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्वेता पोद्दार, कोषाध्यक्ष सुनीता पोद्दार एवं सह–कोषाध्यक्ष पूजा अग्रवाल भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन रूपाली गोयल द्वारा किया गया। समाज के अध्यक्ष पियूष रंजन अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार होता है। महिला मंडल की अध्यक्ष मोना अग्रवाल ने कहा कि डांडिया जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम महिलाओं को मंच प्रदान करते हैं, जहाँ वे न केवल अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करती हैं, बल्कि आपसी जुड़ाव से आनंद और आत्मविश्वास भी पाती हैं। कार्यक्रम में समाज की पूर्व अध्यक्ष अंजना अग्रवाल, निधि बंसल, प्रिया गोयल, मंजू गोयल, पिंकी, प्रियंका, राधा सहित अन्य अनेक महिलाएँ उपस्थित रहीं।

भूटान में सम्मानित होकर डॉ बालकृष्ण पांडेय बढ़ाया भारत का मान

प्रयागराज। भूटान की राजधानी थिम्फू में पोयट्री क्लब भूटान एवं क्रांतिधारा साहित्य अकादमी मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में डॉ विजय पंडित के नेतृत्व में गरिमामय आयोजन भूटान भारत साहित्य महोत्सव– 2025 धूमधाम से संपन्न हुआ। प्रयागराज के राजस्व परिषद कर एसोसिएशन के पूर्व महसचिव, अखिल हिंदी साहित्य सभा अमरावती उत्तर–प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष, भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के संरक्षक डॉ बालकृष्ण पांडेय को प्रतीक चिन्ह, सम्मान पत्र, अंग वस्त्र से संस्था के अधक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। उक्त जानकारी भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के सांस्कृतिक व साहित्यिक प्रकोष्ठ के प्रभारी रवींन्द्र कुशवाहा ने दी। विदेश में सम्मानित होकर डॉ बालकृष्ण पाडेय ने भारत का मान बढ़ाया है तथा भारतीय राष्ट्रीय महासंघ के सभी पदाधिकारीयों ने अपने संरक्षक को इस गौरवपूर्ण सम्मान के लिए बधाई दी है।

रोटरी क्लब की जानिब से फ्री विशाल मेडिकल कैंप दो अक्टूबर को

प्रयागराज। दो अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर सुबह 9 बजे से दोपहर एक बजे तक रोटरी क्लब ऑफ इलाहाबाद अकेडमिया प्रयागराज की जानिब से आरटीएन डॉक्टर सैयद नाजिम अहमद प्रेसिडेंट के मेडिकल इस्पेशायलटी क्लिनिक पूरा मनोहर दास, अकबरपुर में फ्री विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। रोटेरियन तारिक खान फाउंडर आरसी एकाडिमिया ने बताया कि दो अक्टूबर को डॉक्टर सैय्यद नाजिम अहमद के क्लिनिक पर फ्री विशाल मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जरूरी दवाएं फ्री दी जायेंगी। इसके साथ ही ब्लड शुगर, ईसीजी, फेफड़े की जांच पीएफटी, लीवर फाइब्रोस्केन, हड्डी की जांच बीएमडी और चिकित्सा परिक्षण व परामर्श सभी फ्री होगा।

रोटेरियन आफताब अहमद चेयरमैन एलुमनी तथा सेक्रेट्री एलुमनी रोटेरियन खुशतर रिजवानी खान ने यह भी बताया की केयर फॉर लाइफ के अकबर खान के सहयोग से इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है

अतरौलिया में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भसमापन दिवस पर संगोष्ठी, मातृ मृत्यु रोकथाम पर जोर

आजमगढ़ (आरएनएस)ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान एवं कॉमन हेल्थ के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अतरौलिया के प्रांगण आशा एवम् आशा संगिनी के साथ अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भसमापन दिवस की पूर्व संध्या पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि डॉ. आरती सिंह, अधीक्षक हरिश्चंद्र, एचईओ जितेंद्र कुमार, बीसीपीएम सुरेश पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजदेव चतुर्वेदी ने बताया कि 28 सितंबर को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भसमापन दिवस के रूप में मनाया जाता है । यदि बच्चा पैदा होने के 42 दिन के अंदर किसी महिला की मृत्यु होती है तो उस स्थिति में हम मातृ मृत्यु कहेंगे। हमारे जिले में 169 मौत प्रति वर्ष होती है, यह मातृ मृत्यु सुरक्षितध्असुरक्षित या किसी अन्य कारण से होता है, इसे रोका जा सकता है । जिले में होने वाले 8: मौत हम को हम रोक सकते है । यह मृत्यु इसलिए होता है, जब कोई महिला बच्चा नहीं चाहती और ऐसी स्थिति में उसका गर्भ रुक जाता है, अनचाहे गर्भ रुकने की वजह से मौतें ज्यादा होती है । समुदाय स्तर पर जागरूकता की कमी के कारण आज भी कई महिलाएं असुरक्षित तरीकों का सहारा लेती हैं, जिससे संक्रमण, अत्यधिक रक्तस्राव और मृत्यु तक के मामले सामने आते हैं। हमारे देश में जब एमटीपी एक्ट आया था तो उसमें कहा गया है कि अगर महिला को शारीरिक या मानसिक रूप से खतरा है, भ्रूण में गंभीर असामान्यता हो या गर्भ बलात्कार या जबरदस्ती से हुआ है तो ऐसी स्थिति में एमटीपी एक्ट लगता है । एचईओ जितेंद्र कुमार के द्वारा बताया गया कि हमारे देश में शिक्षा की कमी है इसकी वजह से स्वास्थ्य सेवाओं में कमी होती है और अनचाहा गर्भ होता है । जब महिला नसबंदी होती है तो उस दौरान आप सभी से अनुमति ली जाती है और उस नसबंदी के दौरान उसमें छल्ला डाला जाता है। अगर महिला आगे बच्चा चाहती है तो उसके उस छल्ले को निकाल दिया जाता है और कुछ समय बाद महिला गर्भधारण कर सकती है । हमें अपने विचार और व्यवहार में बदलाव लाने की जरूरत है । पूरी दुनिया से जुड़ने के लिए शिक्षा हमारा सबसे बड़ा हथियार है ।

टेट की अनिवार्यता को लेकर शिक्षको का पत्र भेजो अभियान जारी

आन्दोलन के आगे सरकार को झुकना होगा, संशोधित होंगे नियम- उदयशंकर शुक्ल

बस्ती । जनपद में टेट की अनिवार्यता को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद शिक्षकों का आन्दोलन चरणबद्ध ढंग से जारी है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पाण्डेय नेतृत्व के आवाहन पर शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि 24 दिवसीय राष्ट्र व्यापी आन्दोलन में क्षेत्रीय अध्यक्ष, मंत्री और पदाधिकारी प्रतिदिन एक–एक न्याय पंचायत के शिक्षकों का हस्ताक्षर करा रहे हैं। हस्ताक्षरित ज्ञापन ई मेल आई.डी. के माध्यम से राष्ट्रपति, सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और बेसिक शिक्षा मंत्री को भेजा जा रहा है। कहा कि टेट अनिवार्यता समाप्त करने हेतु केन्द्र और सरकारें नियमों में संशोधन कर शिक्षा अधिकार विधेयक की धारा 23 (2) की नियमावली में आवश्यक संशोधन करें जिससे शिक्षकों की सेवा स्वतः सुरक्षित हो जाय।संघ जिलाध्यक्ष उदय शंकर शुक्ल ने बताया कि सभी विकास खण्डों में चरणबद्ध ढंग से हस्ताक्षर अभियान जारी है। कहा कि निश्चित रूप से देश व्यापी संघर्ष के बूते सरकार को नियमों में संशोधन करना ही होगा।शुक्रवार को संघ के जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र पाण्डेय, विक्रमजोत ब्लॉक अध्यक्ष संतोष शुक्ला, मंत्री मुक्तिनाथ वर्मा के नेतृत्व में 46, परशुरामपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा, जिला संगठन मंत्री उपेन्द्र पाण्डेय के नेतृत्व में 24, रुधौली के कोषाध्यक्ष योगेश्वर प्रसाद शुक्ल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील कुमार उपाध्याय ,सहायक अध्यापक कार्तिकेय सिंह, संतोष कुमार, शिक्षामित्र विनोद कुमार एवं श्रीमतीराजकुमारी देवी द्वारा 41 शिक्षकों का हस्ताक्षर कराकर सम्बंधित को ई मेल भेजा गया। शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर रहे हैं। हस्ताक्षर अभियान 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा, सघ पदाधिकारी विद्यालयों में जाकर हस्ताक्षर करा रहे हैं।

आजमगढ़ में सनसनी पिता ने बेटी और उसके दोस्त पर चलाई गोलियां, बेटी की मौत

आजमगढ़ (आरएनएस) जनपद के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज पुलिस चौकी क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया जब न्यू वेलकम फैमिली रेस्टोरेंट में अचानक फायरिंग हो गई।जानकारी के अनुसार, रेस्टोरेंट के काउंटर पर युवक और छात्रा कुछ खाने का ऑर्डर दे रहे थे। तभी एक युवक वहां पहुंचा और दोनों से विवाद करने लगा। देखते ही देखते उसने अपनी लाइसेंसी रिवॉल्वर निकालकर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं।गोलीबारी में देवगांव कोतवाली क्षेत्र के मसीरपुर गांव निवासी 20 वर्षीय आदित्य सिंह, पुत्र जीत नारायण सिंह, और पकड़ी खुर्द गांव निवासी 15 वर्षीय अक्षरा सिंह, पुत्री नीरज सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल लालगंज के 100 शय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। रास्ते में छात्रा अक्षरा सिंह की मौत हो गई, जबकि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। फायरिंग की इस वारदात से पूरे लालगंज क्षेत्र में दहशत फैल गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि रेस्टोरेंट जैसी सार्वजनिक जगह पर हुई इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस हमले के कारणों का पता लगाने में जुटी है।घटनास्थल पर एसपी सिटी मधुबन सिंह, सीओ लालगंज भूपेश पांडेय, कोतवाल देवगांव विमलेश कुमार राय और चौकी इंचार्ज लालगंज ने जांच की।

यूथ अंडर-18 लीग में खेलेंगे बीएचएस के सनी

प्रयागराज। ब्वायज हाईस्कूल एंड कालेज के फुटबालर सनी शर्मा का चयन अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) यूथ अंडर–18 लीग के लिए किया गया है। वह इस लीग में चुने जाने वाले प्रयागराज के पहले छात्र हैं। ब्वायज हाईस्कूल एंड कालेज के प्रधानाचार्य डीए ल्यूक ने बताया कि सनी आगामी सीजन में लखनऊ के टेक्ट्रो फुटबाल क्लब का प्रतिनिधित्व करेंगे। सनी को इस उपलब्धि को एकेडमिक सुपरवाइजर सीबी ल्यूक, इवेंट मैनेजर आरडी ल्यूक और स्कूल के फुटबाल कोच एफ. सिमंस, एफ. प्रेस्टन और ए. किस्पोटा ने बधाई एवं शुभकामना दी है।

युवाओं को लगातार धोखा दे रही भाजपा सरकार- डॉ निर्मल

प्रयागराज। भाजपा सरकार युवाओं के साथ लगातार धोखा कर रही है। आए दिन पेपर लीक, रिजल्ट में धांधली, आरक्षण के साथ खिलवाड़, नियुक्तियों को रोके रखना जैसे गंभीर मामले भाजपा सरकार में आम हो चुके हैं। उक्त आरोप सपा लोहिया वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ राम करण निर्मल ने लगाया है।

डॉ निर्मल ने आज सपा के जिला कार्यालय जार्ज टाउन में स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर युवा फ्रंटल संगठने लोहिया वाहिनी एवं यूथ ब्रिगेड के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा की बेरोजगारों को रोजगार, महिलाओं को सुरक्षा, किसानों को राहत तथा आम आदमी को सम्मान सिर्फ समाजवादी सरकार में मिलता है।उन्होंने युवाओं में जोश भरते हुए कहा कि सपा मुखिया मा अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा आज देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है।

जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने स्नातक एमएलसी चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदाता बनाये जाने पर जोर देते हुए कहा कि पिछले चुनाव में सपा के उम्मीदवार डॉ मानसिंह यादव ने चौबीस वर्ष बाद भाजपा से इस सीट को छीनने का काम किया था।आगे भी जीत सुनिश्चित हो इसके लिये हर स्तर पर तैयरी करनी होगी।

एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के बेरोजगारों, शिक्षा मित्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों सहित आम आदमी कि आवाज को वह लगातार सदन में उठाते रहे हैं। अनेकों मामलों में उन्होंने पीड़ितों को न्याय दिलाने का काम किया है।

इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ रामकरण निर्मल, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, जिलाध्यक्ष अनिल यादव, पूर्व विधायक सत्य वीर मुन्ना, संदीप यादव, दूध नाथ पटेल, नवीन यादव, आसुतोष तिवारी, रत्नेश यादव आदि सहित सैकड़ो कि संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

बड़े मैचों में फ्लाप हो रहे हैं सूर्यकुमार यादव? फाइनल से पहले बढ़ी टीम इंडिया की टेंशन

भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म लगातार खराब होती जा रही है। जिसके बाद अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या कप्तानी के चलते उनके प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ रहा है? श्रीलंका के खिलाफ सूर्या महज 12 रन बनाकर आउ हो गए।एशिया कप 2025 में भारतीय टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की फॉर्म लगातार खराब होती जा रही है। जिसके बाद अब सवाल उठने लगे हैं कि क्या कप्तानी के चलते उनके प्रदर्शन पर प्रभाव पड़ रहा है? श्रीलंका के खिलाफ सूर्या महज 12 रन बनाकर आउ हो गए। एशिया कप 2025 सुपर–4 का आखिरी मुकाबला दुबई में भारत और श्रीलंका के बीच खेला जा रहा है। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का न्योता भारत को दिया। जहां अभिषेक शर्मा ने 61 रन की तूफानी पारी खेली वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने एक बार फिर निराश किया। सूर्यकुमार यादव का फ्लॉप शो जारी इस एशिया कप 2025 में भारत की तरफ से सूर्यकुमार यादव ने काफी निराश किया। वह अपने रंग में नहीं दिखे और लगातार उनका फ्लॉप शो जारी है। अभी तक की पांच पारियों में वह कुल 71 रन ही बना पाए हैं। यूएई के खिलाफ 07 रन, पाकिस्तान केखिलाफ 47 रन, ओमान के खिलाफ बल्लेबाजी ही नहीं की और सुपर–4 में पाकिस्तान के खिलाफ बिना खाता खोले ही आउट हो गए।

वहीं, बांग्लादेश के खिलाफ 05 रन बनाए। श्रीलंका के खिलाफ 12 रन बनाकर आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव पिछली 10 टी20 पारियों में महज 99 रन बना सके हैं। इस दौरान उनका औसत 12. 37 का रहा है और स्ट्राइक रेट महज 110 का। उनकी पिछली 15 पारियों का स्कोर 12,05,00 नहीं खेले, नाबाद 47, नाबाद 7, 02, 00, 14, 12,00 नहीं खेले, 01, 04, 21 है। उन्होंने आखिरी टी20 अर्धशतक पिछले साल 12 अक्टूबर को हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ लगाया था।

घरेलू शेयर बाजारों में विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी से शुरुआती कारोबार में गिरावट

एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी के बीच शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट दर्ज की गई। अमेरिकी एच–1बी वीजा शुल्क संबंधी चिंताओं और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने भी घरेलू शेयर बाजारों में मंदी के रुख को और बढ़ा दिया।बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 329.66 अंक की गिरावट के साथ 80,830.02 अंक पर और एनएसई निफ्टी 105. 7 अंक फिसलकर 24,785.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से सन फार्मा के शेयर में तीन प्रतिशत से अधि ाक की गिरावट दर्ज की गई।एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, एचसीएल टेक और टाटा स्टील के शेयर भी नुकसान में रहे। दूसरी ओर लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, आईटीसी और ट्रेंट के शेयर लाभ में रहे।एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 69.54 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक

सुपर ओवर में भारत ने श्रीलंका को हराया, एशिया कप 2025 में लगातार जीता छठा मुकाबला

भारत और श्रीलंका के बीच एशिया कप 2025 का मुकाबला खेला जा रहा है। जहां टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 196 रन बनाए हैं। इस दौरान अभिषेक शर्मा ने 61 तो तिलक वर्मा ने 49 रन बनाए। वहीं जारी टूर्नामेंट में भारत ने अबतक का हाईएस्ट टोटल बनाया है। शुक्रवार का दिन एशिया कप 2025 के लिहाजा से बेहतरीन रहा। भारत ने एशिया कप 2025 के 18वें मुकाबले में सुपर ओवर में श्रीलंका को मात दी।दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका के शतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाकर मैच को टाई कराया। जिसके बाद सुपर ओवर के रोमांच में श्रीलंका की टीम दोनों विकेट गंवाकर महज 2 रन ही बना पाई जिसके बाद भारत ने एक गेंद में तीन रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर दिया। फिलहाल, 203 रनों का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा। कुसल मेंडिस खाता नहीं खोल सके और हार्दिक पंड्या के शिकार बन गए। वहीं इसके बाद कुसल परेरा ने पथुम निसांका के साथ मिलकर श्रीलंका को अच्छी साझेदारी दिलाई। लेकिन वह भी 32 गेंद में 8 चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाकर आउट हो गए। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका चार रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें पवेलियन भेजा। कमिंदु मेंडिस सात गेंद में महज 3 रन ही बना पाए। जबकि पथुम निसांका 58 गेंद में 107 रन बनाकर आउट हुए। दसुन शनाका ने 22 तो जनिथ ने 2 रन बनाकर नाबाद लौटे। भारत के लिए हार्दिक पंड्या, अर्शदीप सिंह, हर्षित, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती ने 1–1 विकेट लिया। वहीं पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम इंडिया की शुरुआत अच्छी रही। टीम को अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। लेकिन गिल इस दौरान महज 4 रन बनाकर तीक्षणा के शिकार बन गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में विफल रहे और 12 रन ही बना सके। अभिषेक शर्मा ने 31 गेंद में 61 रन बनाए। अभिषेक को असलंका ने आउट किया। संजू सैमसन ने 23 गेंद में 39 रन बनाए। हार्दिक पंड्या तीन गेंद में दो रन ही बना सके। अक्षर पटेल ने 21 तो तिलक वर्मा ने 49 रन की पारी खेली। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा, दुश्मंता चमीरा, वानिंदु हसरंगा, दासून शनाका और चरित असलंका ने एक–एक विकेट लिया।

रोमांचक मैच में भारत ने सुपर ओवर में श्रीलंका को दी मात, पाथुम निसंका का शतक गया बेकार

सुपर ओवर में भारत ने श्रीलंका को हराया। भारत द्वारा मिले 203 रनों के जवाब में श्रीलंका ने निसांका के शतक की बदौलत 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाकर मैच को टाई कराया। जिसके बाद सुपर ओवर में भारत ने पहली गेंद पर जीत दर्ज की।एशिया कप 2025 सुपर–4 का आखिरी मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। दुबई में भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया ये मुकाबला सुपर ओवर तक पहुंचा। टीम इंडिया ने इस रोमांचक मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 202 रन का हाईएस्ट स्कोर बनाया। जिसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी निध ारित 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर इस हाईएस्ट स्कोर को चेज करके मुकाबले को टाई पर छोड़ा। जिसके बाद सुपर ओवर के रोमांच में भारत को पहली ही गेंद में आखिरकार जीत मिली। सुपर ओवर भी काफी रोमांचक रहा। पहली ही गेंद पर अर्शदीप सिंह ने कुसल परेरा को रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट कराया। तीसरी गेंद पर दासुन शनाका रन आउ हो गए, लेकिन थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार नहीं दिया। क्योंकि अर्शदीप सिंह ने कैच आउट की अपील की थी और अंपायर ने उन्हें आउट भी दे दिया था। शनाका ने तुरंत रिव्यू ले लिया। इसलिए ये माना नहीं गया। इसे लेकर काफी देर तक टीम इंडिया और मैदानी अपंयार के बीच बात भी हुई। इसका फायदा श्रीलंका को नहीं हुआ क्योंकि चौथी ही गेंद पर अर्शदीप ने शनाका को जितेश शर्मा के हाथों कैच आउट कराया। बता दें कि, मुकाबले में भारतीय टीम की फील्डिंग फिर से खराब रही। अगर भारतीय टीम की फील्डिंग ठीक होती तो मैच सुपर ओवर तक नहीं पहुंचता और भारत पहले ही मैच जीत जाता। आखिरी ओवर में भारतीय फील्डरों ने तीन गलतियां की जिस कारण मैच गंवाया। फिलहाल, 203 रनों का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम को पहले ही ओवर में झटका लगा। कुसल मेंडिस खाता नहीं खोल सके और हार्दिक पंड्या के शिकार बन गए। वहीं इसके बाद कुसल परेरा ने पथुम निसांका के साथ मिलकर श्रीलंका को अच्छी साझेदारी दिलाई। लेकिन वह भी 32 गेंद में 8 चौके और एक छक्के की मदद से 58 रन बनाकर आउट हो गए। श्रीलंका के कप्तान चरिथ असलंका चार रन बनाकर आउट हुए। कुलदीप ने उन्हें पवेलियन भेजा। कमिंदु मेंडिस सात गेंद में महज 3 रन ही बना पाए। जबकि पथुम निसांका 58 गेंद में 107 रन बनाकर आउट हुए।

भारतीय समुद्री क्षेत्र ने स्थिरता और दक्षता में नए मानक बनाए: सोनोवाल

सोनोवाल ने इस अवसर पर कहा, देश भर के बंदरगाह सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाएं, एलएनजी और हाइड्रोजन ईंधन अवसंरचना और माल ढुलाई उपकरणों का विद्युतीकरण शुरू कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत के समुद्री क्षेत्र ने वैश्विक विकास के अनुरूप स्थिरता और दक्षता में नए मानक स्थापित किए हैं। बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री ने जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) के न्हावा शेवा वितरण टर्मिनल पर इलेक्ट्रिक भारी ट्रकों के पहले बेड़े को भी हरी झंडी दिखाई। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, अब जेएनपीए के पास भारत के बंदरगाहों में सबसे बड़ा इलेक्ट्रिक ट्रक बेड़ा है, जो टिकाऊ लॉजिस्टिक क्षमता को बढ़ावा देता है। जेएनपीए का इरादा दिसंबर 2026 तक लगभग 600 भारी वाहनों के अपने बेड़े के 90 प्रतिशत ट्रकों को इलेक्ट्रिक रूप देने का है।सोनोवाल ने इस अवसर पर कहा, देश भर के बंदरगाह सौर एवं पवन ऊर्जा परियोजनाएं, एलएनजी और हाइड्रोजन ईंधन अवसंरचना और माल ढुलाई उपकरणों का विद्युतीकरण शुरू कर रहे हैं। जेएनपीए के चेयरपर्सन उन्मेष शरद वाघ ने कहा, ''भारत के सबसे बड़े कंटेनर बंदरगाह के संरक्षक के रूप में, यह हमारा दायित्व है कि हम ऐसे नवाचार को अपनाएं जो आर्थिक गतिशीलता को पारिस्थितिक जिम्मेदारी के साथ संतुलित करे।'' उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक ट्रकों का यह बेड़ा एक नए युग का अग्रदूत साबित होगा, जहां स्थिरता वृद्धि का एक सहायक उपकरण नहीं, बल्कि उसका आधार है।

भारत दौरे से पहले वेस्टइंडीज को लगा बड़ा झटका

0-3 मैचों में 22 विकेट लेने वाले स्टार पेसर हुआ बाहर

नईदिल्ली भारत के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले वेस्टइंडीज को बड़ा झटका लगा है क्योंकि दाएं हाथ के तेज गेंदबाज शमर जोसेफ चोटिल हो गए हैं. उनकी जगह पर टी में ऑलराउंडर जोहान लेयने को शामिल किया गया है. 26 वर्षीय इस गेंदबाज से कैरेबियाई टीम को भारतीय दौरे पर बहुत उम्मीद थीं, क्योंकि वो टीम के प्रमुख तेज गेंदबाजी विकल्प थे.ये टेस्ट सीरीज 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी. शमर टेस्ट क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने इस साल खेले गए तीन टेस्ट मैचों में 22 विकेट लिए हैं और इस प्रारूप में शीर्ष पांच विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं बांग्लादेश के साथ सीमित ओवरों की सीरीज से पहले शमर की फिटनेस पर फिर से विचार किया जाएगा. यह सीरीज 18 अक्टूबर से शुरू होगी और इसमें तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल हैं वेस्टइंडीज क्रिकेट के बयान में कहा गया है, श्जोहान लेयने को भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए शमर जोसेफ की जगह टीम में शामिल किया है. जोसेफ चोट के कारण बाहर हो गए हैं और बांग्लादेश के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज से पहले उनकी

फिटनेस पर फिर से विचार किया जाएगाश.

जोहान लेयने ने 19 प्रथम श्रेणी मैचों में 32 पारियों में 66 विकेट लिए हैं और 495 रन बनाए हैं गेंदबाजी में उनके प्रदर्शन ने उन्हें टीम के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बना दिया है. शमर ने अपने करियर में अब तक 11 टेस्ट मैचों में 21.66 की औसत से 51 विकेट लिए हैं.इस सीरीज के टेस्ट मैच अहमदाबाद और दिल्ली में खेले जाएंगे, पहले टेस्ट 2 अक्टूबर और दूसरा टेस्ट 10 अक्टूबर से शुरू होगा. भारत ने इस सीरीज के लिए एक मजबूत टीम की घोषणा की है, जिसमें अक्षर पटेल और देवदत्त पडिक्कल को शामिल किया गया है.भारत – शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, देवदत्त पडिक्कल, ध्रुव जुरेल (विकेट कीपर), रवींद्र जडेजा (उपकप्तान), वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल, नितीश कुमार रेड्डी, एन. जगदीशन (विकेट कीपर), मोहम्मद। सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव.

वेस्टइंडीज – रोस्टन चेज (कप्तान), जोमेल वारिकन (उपकप्तान), केवलन एंडरसन, एलिक अथानाजे, जॉन कैंम्बेल, टेगनारिन चंद्रपॉल, जस्टिन ग्रीव्स, शाई होप, टेविन इमलाच, अल्जारी जोसेफ, जोहान लेने, ब्रेंडन किंग, एंडरसन फिलिप, खैरी पियरे, जेडन सील्स.

एशिया कप 2025 बांग्लादेश को हराकर पाकिस्तान फाइनल में

0-टूर्नामेंट में तीसरी बार आमने सामने होंगे भारत पाक

नईदिल्ली, पाकिस्तान ने शानदार गेंदबाजी की बदौलत बांग्लादेश के खिलाफ 135 रन डिफेंड करके एशिया कप 2025 के फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है. अब 28 सितंबर को उसका सामना भारत से खिताबी मुकाबले में होगा. इस टूर्नामेंट ये तीसरी बार है जब भारत पाक आमने सामने होंगे, जबकि इतिहास में पहली बार है जब इन दोनों टीमों के बीच एशिया कप का फाइनल मैच खेला जाएगा.

पाकिस्तानी गेंदबाजों ने जीत के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी. जिसमें शाहीन अफरीदी के 4 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट और हारिस रऊफ के 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट सबसे अहम थे. इसके अलावा बल्ले से फ्लॉप चल रहे साईम अय्यूब ने 4 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट लेकर काफी अच्छी गेंदबाजी की. आफ्रीदी को बेहतरीन गेंदबाजी की वजह से प्लेयर ऑफ दी मैच चुना गया.135 रनों के जवाब में बांग्लादेश के बल्लेबाज कुछ खास बल्लेबाजी नहीं कर सके, जिसकी वजह से उनको हार का सामना करना पड़ा. शमीम हुसैन के 30 रनों को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज ज्यादा स्कोर नहीं कर सका, जिसकी वजह से पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी.इससे पहले बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पाकिस्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और शानदार गेंदबाजी करके पाकिस्तान को 135 पर रोकने में कामयाब रहा. पाकिस्तान का एक समय 71 पर 6 विकेट गिर गया था, लेकिन उसके बाद मोहम्मद हारिस के 31 रन और नवाज के 25 रनों की बदौलत सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रहा.

स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है सहजन, लेकिन इन 5 लोगों को नहीं खाना चाहिए

सहजन एक ऐसी सब्जी है, जो कई जरूरी पोषक तत्वों से भरपूर होती है। यह विटामिन–ष्ट, विटामिन–, कैल्शियम, पोटेशियम और आयरन का बेहतरीन स्रोत मानी जाती है। इसके सेवन से शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को मजबूती मिलती है और यह कई बीमारियों से राहत दिलाने में सहायक होता है। हालांकि, कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें सहजन का सेवन नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं कि किन लोगों को सहजन नहीं खाना चाहिए।कम रक्तचाप वाले लोगअगर किसी व्यक्ति का रक्तचाप पहले से ही कम है तो उसे सहजन नहीं खानी चाहिए। दरअसल, सहजन में मौजूद तत्व कम रक्तचाप वालों के लिए खतरा बन सकते हैं। ये तत्व रक्तचाप को और कम कर सकते हैं, जिससे व्यक्ति को चक्कर आने या बेहोश होने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए कम रक्तचाप वाले लोग सहजन का सेवन करने से बचें।गर्भवती महिलाएंगर्भवती महिलाओं के लिए भी सहजन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है। इसमें मौजूद तत्व गर्भवती महिलाओं के लिए सुरक्षित नहीं होते हैं। इसके अलावा इसमें सूजन कम करने वाले गुण भी होते हैं, जो गर्भावस्था के दौरान समस्या पैदा कर सकते हैं। इसलिए डाक्टर गर्भवती महिलाओं को सहजन का सेवन न करने की सलाह देते हैं।गैस्ट्रिक अल्सर से पीड़ित लोगगैस्ट्रिक अल्सर एक ऐसी समस्या है, जिसमें पेट की दीवारों में घाव हो जाते हैं। इस स्थिति में पेट का एसिड पेट की दीवारों को नुकसान पहुंचाता है और दर्द, जलन और अन्य कई समस्याओं का कारण बनता है। इस समस्या से ग्रस्त लोगों को भी सहजन का सेवन नहीं करना चाहिए क्योंकि इसमें मौजू तत्व पेट के एसिड के उत्पादन को बढ़ा सकते हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो सकती है।दिल की बीमारी वाले लोगअगर किसी व्यक्ति को पहले से ही किसी तरह की दिल की बीमारी है तो उसे भी सहजन का सेवन नहीं करना चाहिए। इसमें

मौजूद तत्व रक्तचाप को कम कर सकते हैं, जिससे दिल की धमनियों पर दबाव पड़ता है और स्थिति गंभीर हो जाती है। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद तत्व दिल की धमनियों को और पतला कर सकते हैं, जिससे रक्तचाप और भी कम हो जाता है।मधुमेह रोगीमधुमेह रोगियों के लिए भी सहजन का सेवन करना नुकसानदायक हो सकता है क्योंकि इसमें मौजूद तत्व ब्लड शुगर के स्तर को कम कर सकते हैं, जिससे व्यक्ति को कम शक्कर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इसके अलावा इसमें मौजूद तत्व मधुमेह के लिए सुरक्षित नहीं माने जाते हैं।

गलत शेड वाला ब्लश खरीद लिया है? परेशान न हो, उसका इन तरीकों से करें इस्तेमाल

ब्लश एक ऐसा मेकअप प्रोडक्ट है, जो चेहरे को ताजगी और निखार देता है। हालांकि, अगर आपने आनलाइन या फिर किसी और वजह से गलत शेड का ब्लश खरीद लिया हैं, जो आपके चेहरे पर अच्छा नहीं लग रहा हो तो परेशान न होएं। आइए आज हम आपको कुछ तरीके बताते हैं, जिन्हें आजमाकर आप गलत ब्लश को ऐसे लगा सकते हैं ताकि यह चेहरे पर जचे और प्राकृतिक लगे।हल्के हाथों से लगाएं

गलत शेड का ब्लश लगाने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप इसे हल्के हाथों से लगाएं। इसके लिए सबसे पहले ब्रश पर थोड़ा–सा ब्लश लें और उसे हाथ पर थपथपाएं ताकि अतिरिक्त पाउडर हट जाए। अब धीरे–धीरे इसे गालों पर लगाएं। इससे ब्लश का शेड बहुत ही हल्का और प्राकृतिक दिखेगा। यह तरीका न केवल आपके गालों को एक नई चमक देगा, बल्कि पूरे चेहरे पर भी ताजगी का एहसास होगा।फाउंडेशन के साथ मिलाएंअगर आप चाहते हैं कि गलत शेड का ब्लश आपके चेहरे पर अच्छे से लगे तो उसे फाउंडेशन के साथ मिलाकर लगाएं। इसके लिए सबसे पहले अपने चेहरे पर फाउंडेशन लगाएं और सूखने दें। इसके बाद हल्के हाथों से गलत शेड वाले ब्लश को ब्रश की मदद से अपने गालों पर लगाएं। इससे ब्लश का रंग न केवल प्राकृतिक लगेगा, बल्कि पूरे चेहरे पर भी एक ताजगी का एहसास होगा और आपका लुक भी खास दिखेगा।

लिपस्टिक से मेल करेंगलत शेड का ब्लश लगाने का एक अच्छा तरीका है कि आप उसे अपनी लिपस्टिक के रंग से मेल कराएं। इसके लिए सबसे पहले अपनी पसंदीदा लिपस्टिक लगाएं और फिर उसी शेड के ब्लश को हल्के हाथों से गालों पर लगाएं। इससे न केवल आपके गालों को एक नई चमक मिलेगी, बल्कि आपके पूरे चेहरे पर भी ताजगी का एहसास होगा। यह तरीका आपके लुक को और भी खास बना देगा।

इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले अपने गालों पर थोड़ा–सा हाईलाइटर लगाएं और फिर ऊपर से हल्का सा ब्लश लगाएं।

चमकदार बनाने के लिए हाईलाइटर का करें उपयोग अगर आपको लगता है कि गलत शेड वाला ब्लश आपके चेहरे पर अच्छा नहीं लग रहा है तो आप उसे हाईलाइटर के रूप में भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे न केवल आपके गालों को एक नई चमक मिलेगी बल्कि पूरे चेहरे पर भी ताजगी का एहसास होगा। यह तरीका आपके लुक को और भी खास बना देगा।

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा के ट्रेलर को लेकर आया अपडेट, नया पोस्टर आउट

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की आगामी फिल्म थामा को लेकर काफी बज बना हुआ है। फैंस फिल्म के बारे में छोटी सी छोटी अपडेट तक जानना चाह रहे हैं। अब जबसे मेकर्स ने को फिल्म का ट्रेलर रिलीज करने की घोषणा की है, तब से फिल्म को लेकर उत्साह और भी बढ़ गया है। अब आज मेकर्स ने फिल्म का एक और नया पोस्टर जारी किया है।

थामा के ट्रेलर को लेकर मेकर्स ने दर्शकों में काफी उत्साह बढ़ा दिया। मेकर्स ट्रेलर लान्च इवेंट को ग्रैंड बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। अब मेकर्स ने ट्रेलर रिलीज से एक दिन पहले फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में आयुष्मान और रश्मिका दोनों ही नजर आ रहे हैं। पोस्टर में रश्मिका इंटेंस लुक में दिख रही हैं, जबकि आयुष्मान डरे हुए से रश्मिका के कंधों पर सवार हैं। कंधे पर बैग टांगे आयुष्मान काफी घबराए हुए लग रहे हैं। आसपास में पेड़ और जंगल नजर आ रहा है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, स्त्री आएगी और थम्माके वाली न्यूज लाएगी। थामा के ट्रेलर की गिनती शुरू, सिर्फ एक दिन है बाकी।इसके अलावा मेकर्स ने दो और पोस्टर जारी किए हैं, जो थामा के ट्रेलर से संबंधित हैं। इनमें एक पोस्टर में स्त्री नजर आ रही है। इसके साथ लिखा गया है, ओ स्त्री कल आना। दूसरे पोस्ट और पोस्टर में जंगल दिख रहे हैं। इस पर स्त्री को ही संबोधित करते हुए लिखा है, अपने साथ साल की सबसे बड़ी, खूनी और उत्साहजनक खबर लाना। इससे एक दिन पहले मेकर्स ने बताया था कि को साल की मच अवेटेड फिल्म थामा का ट्रेलर रिलीज किया जाएगा। ये ट्रेलर एक बड़े इवेंट के दौरान बांद्रा फोर्ट पर शाम पांच बजे रिलीज किया जाएगा। थामा की कास्ट की बात करें तो फिल्म में आयुष्मान और रश्मिका के अलावा नवाजुद्दीन सिद्दीकी, परेश रावल और फैसल मलिक भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित थामा इस साल दीवाली पर रिलीज होनी है।

अंशुमन झा की फिल्म लार्ड कर्जन की हवेली की रिलीज तारीख का ऐलान, रसिका दुग्गल भी आएंगी नजर

मिर्जापुर वेब सीरीज में बीना त्रिपाठी के किरदार से मशहूर हुई एक्ट्रेस रसिका दुग्गल जल्द ही एक ब्लैक कामेडी फिल्म में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म का नाम है लार्ड कर्जन की हवेली। जानिए आप कब देख सकेंगे अपनी पसंदीदा एक्ट्रेस की यह फिल्म।

रसिका दुग्गल ने आज अपनी आगामी फिल्म लार्ड कर्जन की हवेली का एक शानदार पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। फिल्म के इस पोस्टर में फिल्म के मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर के साथ रसिका ने कैप्शन में लिखा, हिचकाक ने देसीस के साथ इस डिनर पार्टी के लिए हां में आरएसवीपी किया होगा।लार्ड कर्जन की हवेली – 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में आ रही है।

ब्लैक–कामेडी लार्ड कर्जन की हवेली इस साल 10 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमान झा ने किया है, जो उनकी पहली निर्देशित फिल्म है। इस फिल्म में अर्जुन माथुर, तन्मय धनानिया और परेश पाहुजा भी अहम किरदारों में नजर आएंगे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह फिल्म पूरी तरह से ब्रिटेन में एक ही लेंस से शूट की गई है। यह एक रहस्यमयी और मजेदार कहानी है, जिसमें कामेडी, थ्रिलर और पहचान जैसे विषयों को दर्शाया गया है। रसिका ने बताया कि फिल्म का प्रीमियर मेलबर्न में हुआ था और इसे कई फिल्म समारोहों में दर्शकों ने खूब पसंद किया। खास तौर पर शिकागो में दर्शकों के साथ इसे देखने का अनुभव उन्हें बहुत अच्छा लगा। फिल्म का निर्माण गोल्डन रेशियो फिल्म्स और फर्स्ट रे फिल्म्स ने मिलकर किया है। इस फिल्म को मैक्स मार्केटिंग लिमिटेड प्रस्तुत कर रहा है।

एक्टर संजय बिश्नोई ने रसिका की इस पोस्ट पर क्लैप इमोजी शेयर किया है। वहीं रसिका के फैंस उनकी इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। एक फैन ने लिखा, अरे वाह नया वाला.. बहुत अच्छा लग रहा है.. इसे देखने के लिए उत्साहित हूं, एक और फैन ने लिखा, वाह, यह तो बहुत बढ़िया है, हवेली के लिए शुभकामनाए।

बाक्स आफिस पर जाली एलएलबी 3 का जलवा, वर्ल्डवाइड 100 करोड़ क्लब में ली एंट्री

अक्षय कुमार की कोर्टरूम–ड्रामा फिल्म जाली एलएलबी 3 रिलीज के पहले दिन से बाक्स आफिस पर बंपर कमाई कर रही है. 19 सितंबर 2025 को बड़े पर्दे पर आई ये फिल्म ना सिर्फ भारत में, बल्कि वर्ल्डवाइड बाक्स आफिस पर धमाकेदार कलेक्शन कर रही है. महज 5 दिनों में जाली एलएलबी 3 ने वर्ल्डवाइड बाक्स आफिस पर 100 करोड़ क्लब में एंट्री ले ली है. अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जाली एलएलबी 3 ने 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 5 दिन में फिल्म ने 101.50 करोड़ रुपए का कलेक्शन कर लिया है. वहीं भारत में छठे दिन फिल्म ने 4.25 करोड़ रुपए कमा लिए और ये आंकड़ा अब 105.75 करोड़ रुपए हो गया है. जाली एलएलबी ने कलेक्शन के मामले में मद्रासी को पछाड़ दिया है. जाली एलएलबी 3 ने 5 दिनों के वर्ल्डवाइड बाक्स आफिस कलेक्शन के साथ मद्रासी का रिकार्ड तोड़ दिया है. शिवकार्तिकेय स्टारर फिल्म मद्रासी ने वर्ल्डवाइड बाक्स आफिस पर 97.69 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था. अब जाली एलएलबी का अगला निशाना पवन कल्याण की हरि हरा वीरा मल्लू और सनी देओल की जाट है. हरि हरा वीरा मल्लू ने दुनिया भर में 115.2 करोड़ रुपए का कारोबार किया था. वहीं सनी देओल की जाट ने वर्ल्डवाइड बाक्स आफिस पर 117.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था.जाली एलएलबी 3 साल 2013 की कामेडी फिल्म जाली एलएलबी का तीसरा पार्ट है. सैकनिल्क की मानें तो पहले पार्ट ने वर्ल्डवाइड 46 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था. वहीं जाली एलएलबी 2 दुनिया भर में 197.33 करोड़ रुपए के कलेक्शन के साथ सुपरहिट हुई थी. अब जाली एलएलबी 3 ने 100 करोड़ से ज्यादा कमा लिए हैं. लेकिन बजट निकालने से दूर है, क्योंकि फिल्म का बजट 120 करोड़ रुपए है. वर्कफ्रंट पर अक्षय कुमार के पास कई फिल्में पाइपलाइन में हैं. वो भूत बंगला, वेलकम टू द जंगल और हेरा फेरी 3 जैसी फिल्मों में नजर आएंगे. वहीं अरशद वारसी वेलकम टू द जंगल और मस्ती 4 में दिखाई देंगे.

सनी लियोनी ने की भारत की पहली एआई फीचर फिल्म कौर वर्सेज कोर का ऐलान, रिलीज तारीख से भी उठ गया पर्दा

बालीवुड की फेमस एक्ट्रेस सनी लियोनी एक एआई फिल्म बना रही है, जिसमें वह लीड रोल में नजर आने वाली हैं. सनी की फिल्म का नाम कौर वर्सेज कोर है. इस फिल्म को पैपराजी एंटरटेनमेंट कंपनी के बैनर तले बनाया जा रहा है और मेकर्स ने इस फिल्म को भारत की पहली एआई फीच फिल्म कह रहे हैं. सनी इस फिल्म में डबल रोल में नजर आने वाली हैं. एक किरदार इंसानी सुपर हीरो का होगा और दूसरा एआई अवतार होगा.हाल ही में सनी ने एक इंटरव्यू में पूछा गया कि डायरेक्टर अनुराग कश्यप एआई सिनेमा को नापसंद करते हैं इसपर उनका क्या कहना है. सनी ने इसका जवाब देते हुए बताया कि टेक्नोलाजी शक्ति है और अगर आपको किसी चीज के बारे में जानकारी है तो आप चीजों को समझेंगे. इस तरह का सिनेमा इंडस्ट्री के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है. मुझे यकीन है कि इससे लोगों को ज्यादा नौकरियां मिलेंगी. साथ ही फिल्मों को एक अलग दिशा में लाया जा सकेगा.वहीं सनी लियोनी ने आगे बताया कि अगर अनुराग सर यहां बैठे होते तो मैं चाहती कि वो मेरी बात को समझें और शायद में उन्हें बदल पाती. लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक इंसान के बारे में एक प्यारी बात ये है कि हमारी अपनी फिलासफी है और जिस तरह से हम जिंदगी को देखते हैं वो दूसरों से बहुत अलग है और ये सब ठीक है. सनी लियोनी से इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या इंडियन आडियंस इस तरह के एआई कंटेंट के लिए तैयार है, इस पर सनी ने कहा कि हम अपने आडियंस को पूरा क्रेडिट नहीं देते और मानते हैं कि ये उन्हें पसंद नहीं आएगा, लेकिन क्या आप जानते हैं कि हर दिन कंटेंट कंज्यूम कर रहे हैं कोविड ने जो किया वो ये है कि हम कैसे कंटेंट कंज्यूम करते हैं और उनकी दुनिया बनाना, जो पहले से ही बहुत अलग है. बता दें कि सनी लियोनी की एआई फिल्म अलगे साल 2026 में सिनेमाघरों में दस्तक होगी.

रवि तेजा और श्रीलीला की मास जथारा को लेकर आया अपडेट, मेकर्स 2 अक्बतूर को करेंगे रिलीज तारीख की घोषणा

आज मास जथारा के निर्माता नागा वामसी ने सोशल मीडिया हैंडल पर रवि तेजा और श्रीलीला की आगामी फिल्म मास जथारा की रिलीज को लेकर एक अहम जानकारी शेयर की है। जिससे रवि और श्रीलीला के फैंस के बीच खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

नागा वामसी ने आज एक्स पर फिल्म मास जथारा की रिलीज

डेट को लेकर एक खास घोषणा की है। निर्माता नागा वामसी ने आखिरकार मास महाराजा रवि तेजा की बहुप्रतीक्षित फिल्म मास जथारा की रिलीज की तारीख का खुलासा करते हुए एक्स पर लिखा, हम इस दशहरा पर 2 अक्बतूर को रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे... उसके बाद, लगातार अपडेट और प्रमोशन जारी रहेंगे। हमारे ऊर्जावान मास महाराज को देखने के लिए तैयार हो जाइए। वैसे यह फिल्म पहले मूल रूप से 27 अगस्त, 2025 को रिलीज होने वाली थी। इस फिल्म के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर आधिकारिक तौर पर इसकी तारीख आगे बढ़ाने की घोषणा की थी। अब, नागा वामसी ने फिल्म की रिलीज डेट को लेकर जानकारी देकर फैंस को खुश कर दिया है। मास जथारा का निर्देशन भानु भोगवरपु ने किया है। इस फिल्म के निर्माता नागा वामसी हैं। इस फिल्म में मास महाराज रवि तेजा और श्रीलीला मुख्य भूमिका में हैं। वैसे श्रीलीला और रवि पहले सुपरहिट एक्शन कामेडी फिल्म धमाका में एक साथ काम कर चुके हैं। इस फिल्म का संगीत भीम्स सेसिरेलो ने तैयार किया है। इस एक्शन–ड्रामा फिल्म की सिनेमैटोग्राफी विधु अयाा और संपादन नवीन नूली ने किया है। फिल्म का निर्माण सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फार्च्यून फोर सिनेमाज ने मिलकर किया है।

विजय वर्मा की गुस्ताख इश्क का पहला गाना उल जलूल इश्क जारी, 21 नवंबर को रिलीज होगी फिल्म

गुस्ताख इश्क कुछ पहले जैसा के टीजर में इस गीत को मिले जबरदस्त प्यार और तारीफ के बाद, मनीष मल्होत्रा ने दर्शकों की माँग को देखते हुए ऊलजलूल इश्कद्द को पहले ही रिलीज कर दिया है। यह फिल्म उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज5 प्रोडक्शन के तहत बनी पहली सिनेमाई प्रस्तुति

है। 21 नवंबर 2025 को रिलीज होने वाली यह फिल्म मनीष मल्होत्रा का जुनून और सपना है, जो फैशन से आगे बढ़कर कहानी कहने के उनके नए सफर को दर्शाती है। ऊलजलूल इश्क मोहब्बत का जश्न है जो पहली मुलाकघत और पहली मोहब्बत की मासूमियत और यादों को फिर से ताजा करता है। इस गीत में फातिमा सना शेख और विजय वर्मा की प्यारी और चुलबुली केमिस्ट्री दिखती है, जो दर्शकों को गुस्ताख इश्कद्द की दुनिया में झाँकने का मौकघ देती है।

इस गीत को सजाया है बेहतरीन क्रिएटिव टीम ने विशाल भारद्वाज के मधुर संगीत, गुलजार के जज्बाती बोल और आस्कर विजेता रेसुल पुकुट्टी की शानदार साउंड डिजाइन ने इसे खास बना दिया है। गीत को अपनी आवाज दी है नेशनल अवार्ड विजेता शिल्पा राव और पापोन ने, जिनकी जादुई गायकी गीत को और भी असरदार बनाती है। मनीष मल्होत्रा ने अपने भाई दिनेश मल्होत्रा के साथ मिलकर गुस्ताख इश्क को प्रोड्यूस किया है।

दो असफल शादियों के बाद दलजीत कौर को जिंदगी में दिखी उम्मीद की किरण

टीवी अभिनेत्री दलजीत कौर की जिंदगी में उम्मीद की एक नई किरण मिल गई है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने इसके बारे में फैंस को बताया है। यह कुछ और नहीं, पेंटिंग है, जिसे छोड़ने के बाद दलजीत कौर ने कभी नहीं सोचा था कि वह फिर से ब्रश हाथ में पकड़ेंगी।

अभिनेत्री दलजीत कौर ने इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने दिल की बात कही और बताया कि वह फिर से वही कर रही हैं जो उन्हें पसंद है। उन्होंने पेंटिंग के लिए जरूरी सामान खरीदते हुए अपना एक वीडियो शेयर किया है।

इसे शेयर करते हुए दलजीत कौर ने एक भावुक नोट भी लिखा। दलजीत ने लिखा, दो साल पहले मैंने सोचा था कि मैं फिर कभी पेंटिंग नहीं करूंगी। आज मैं ब्रश उठा रही हूंकृइसलिए नहीं कि अतीत ने मुझे दुख नहीं पहुंचाया, बल्कि इसलिए कि भविष्य भी रंगों का हकदार है।

वीडियो में दलजीत पेंटिंग के लिए जरूरी साजो–सामान को एक स्टोर से चुन–चुन कर खरीदती दिख रही हैं। इसके बाद वह कार से इस सामान को घर ले जाती हैं और यहां फिर से उसे अनपैक कर पेंटिंग की तैयारी करती हैं।

इंस्टा स्टोरी में दलजीत ने फोटो भी शेयर की है जिसमें पेंटिंग के लिए टेक्सचर रेडी हो गया है, यह बताया है। बहुत जल्द ही उनकी पेंटिंग फैंस के सामने आएगी।

इससे पहले एक पोस्ट में दलजीत ने अपनी फिटनेस यात्रा शुरू करने के बारे में फैंस को बताया था।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633 / 387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।